## न्यूज ब्रीफ

### आपस में टकराईं दो कारें, 4 लोग घायल

**रनियां।** कानपुर-सिकंदरा हाईवे पर रविवार की देर रात रायपुर बंबे के पास दो कारें टकरा गईं, जिसमें 4 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जालौन निवासी हिमांशु (25) और उनकी पत्नी अर्चना पुरवार कार में सवार थे। वहीं, वैगनआर कार में जालौन के ही प्रतीम चंद्र अग्रवाल (40) और हेमंत अग्रवाल (36) सवार थे। दोनों कारें कानपुर से जालौन जा रहीं थीं। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। दोनों कारों को क्रेन से हटाया गया।

### एसपी ने डेरापुर थाने की जांचीं व्यवस्थाएं

**कानपुर देहात।** एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने डेरापुर थाने में सफाई, कार्यालय व्यवस्था, जीडी, माल रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, सर्विलांस, सीसीटीएनएस,ई-एफआईआर, कर्मचारी की बीट बुक, भोजनालय का गहन निरीक्षण किया। एसपी ने महिला आरक्षियों से मिशन शक्ति फेज-5 के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें सशक्त बनाने में गंभीरता के साथ काम करें। थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता से सुनें।

### गिले-शिकवे भूल पांच जोड़े नए सफर पर

**कानपुर देहात।** रविवार को पुलिस लाइन के सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की बैठक हुई। इसमें 45 मामले आए, जिनमें नई किरण के सदस्यों के समझाने के बाद पांच परिवारों में सहमति के आधार पर समझौता कराया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गई। पति-पत्नी के गिले-शिकवे दूर कर मिलाने में महिला थानाध्यक्ष सुषमा, कांस्टेबल ज्योति देवी, नीतू, रीनू, शालू देवी, इन्दू, पिंकी देवी के साथ सदस्य कंचन मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा।

### लोधेश्वर के लिए कांवरिया रवाना

**कानपुर देहात।** सरवनखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के गजनेर के मजरे जोधेपुर गांव से रविवार को 20 कांवरियों के जत्थे का ग्राम प्रधान पति फिरोज मंसूरी ने माला पहना एवं मुह मीठा करा कर स्वागत किया और आर्थिक मदद देकर लोधेश्वर के लिए रवाना किया। ग्राम प्रधान ने कानपुर गंगा पुल तक निजी साधन का प्रबंध किया। गांव वाले एकत्र रहे। जत्थे में मुख्य रूप से साक्षी, सोनम, रिंकी, महंत रामप्रकाश, अखिलेश, सुमित, शिव बाबू, बड़के, अरुण, आदित्य, रामजी, राहुल, रामू, राघवेंद्र, दीपक, छोटे, शिवगोपाल, विनय कुमार, निगम बाबू आदि शामिल हैं।

# जल्द शुरू होगा राम गंगा नहर पटरी का काम

संवाददाता, रसूलाबाद

- पटरी पर खतरनाक कटान के कारण शुक्रवार को हुआ था दर्दनाक कार हादसा
- निचली रामगंगा नहर में कार गिरने से चली गई थी तीन लोगों की जान

**अमृत विचारः** शुक्रवार की दोपहर निचली रामगंगा नहर में कार अनियंत्रित होकर गिरने से दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों की हुई दुखद मौत हुई थी। घटना के पीछे अनेक ग्रामीणों द्वारा नहर रोड के अत्यंत दुर्दशाग्रस्त होने एवं घटनास्थल पर पुल के समीप सिंचाई के लिए रखे गए कुलावे के कारण पटरी पर दोनों और कटान हो जाने की बात कही गई। सहायक अभियंता नहर विभाग ने शीघ्र ही नहर का पानी बंद हो जाने के बाद ठीक करवाए जाने की बात कही है।

नहर विभाग के जेई अनिरुद्ध त्रिपाठी ने बताया कि रोड लोक निर्माण विभाग के अधीन है। इसमें औनहा तक डबल रोड होने का काम चल रहा है और औनहा से घटनास्थल होते हुए अजनपुर इंदौती तक डबल रोड होने का काम भी शीघ्र चालू होगा। नहर में दोनों ओर जगह-जगह कटान होने के बाबत उन्होंने बताया कि नहर में पानी बंद होने के बाद यह ठीक करवाया जाएगा। यह मिट्टी उनके विभाग ने नहीं डलवाई है। संभवत पीडब्ल्यूडी के लोगों ने डलवाई होगी उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। दो विभागों के अधीन होने की स्थितियों के कारण इस नहर रोड का रखरखाव सही नहीं रह पाता है। इस नहर रोड से आसपास के दर्जनों गांव के किसान न केवल अपनी उपज निकट की गल्ला मंडियों तक ले जाते हैं वरन घर गृहस्थी का आवश्यक सामान लाने ले जाने एवं आवागमन के लिए भी इसी नहर रोड का प्रयोग करते हैं।


नहर पटरी की कटान को मिट्टी डालकर ठीक किया गया। अमृत विचार

घटनास्थल पर पुल के आगे सिंचाई के लिए रखे हुए कुलावा के दोनों और सड़क पर कटान हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इसके साथ ही घटनास्थल के समीप ही हरी निवादा के लिए रोड जाता है वहां हल्का मोड़ है। इस हलके मोड पर कार चालक से कुछ ज्यादा कार मुड़ गई जिससे वह नहर में जा गिरी। अनेक ग्रामीणों का मानना है कि मृतक क्षेत्रीय इलाके के नहीं थे अन्यथा इस बड़ी घटना में परेशान लोग जाम लगा सकते थे जो लंबा चल सकता था और इस मार्ग के रखरखाव के जिम्मेदार लोगों को मौके पर आने पर ही खुलता किंतु ऐसा नहीं हुआ और लोग फिर इस दुर्दशाग्रस्त मार्ग से ही आवागमन को मजबूर हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी के चलते फिलहाल इस पर मिट्टी डलवाई गई है।

**पैचवर्क के लिए डाली गई गिट्टीः** पीडब्ल्यूडी के क्षेत्रीय जेई राधेश्याम ने बताया कि नहर रोड औनहा से अजनपुर इंदौती तक डबल स्वीकृत हो गया है। टेंडर अभी नहीं पड़ा है। पैच वर्क के लिए गिट्टी इत्यादि डलवा दी गई है। दो-तीन दिन में ही काम शुरू हो जाएगा। 6 फरवरी को दुर्घटना गड्ढों के कारण नहीं, चालक को झपकी आने के कारण हुई थी।

# कार सवारों ने अभद्रता के साथ की मारपीट, रिपोर्ट

संवाददाता, शिवली

- बस स्टैंड पर शुक्रवार रात हुई थी घटना, दोस्तों को भी पीटा था

**अमृत विचारः** हृदय रोग संस्थान कानपुर से इलाज करवा कर वापस लौट रहे युवक के साथ शिवली कस्बा बस स्टॉप पर पहले से मौजूद स्कार्पियो सवार लोगों ने गाली गलौज के दौरान मारपीट कर दी। बचाने आए उनके मित्रों पर भी हमला बोल दिया जिससे तीन लोग घायल हो गए। घायल युवक ने कोतवाली पहुंच आरोपित युवक सहित उसके साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के उरिया गांव के रहने वाले प्रदीप ने पुलिस को बताया कि छह फरवरी को वह अपने भाई संदीप का इलाज करवाने के लिए कानपुर के हृदय रोग संस्थान गया था। वहां से वापस लौटकर रास्ते में कस्बा शिवली पर रात साढ़े दस बजे बाजार गेट के पास मेडिकल स्टोर पर भाई की दवा लेने के लिए रुका। वहां पर पहले से खड़ी स्कॉर्पियो कार में सवार चौबेपुर थाना क्षेत्र के गदनपुर निवासी प्रांशु यादव और उसके साथी मिलकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे और विरोध करने पर उसे लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने में दोस्त रोचक और धर्मेंद्र के साथ भी मारपीट की। इस दौरान रोचक का मोबाइल और पांच हजार रुपये गिर गए। शोर सुनकर कुछ लोग आए तो आरोपी धमकी देकर भाग निकले। कोतवाल प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### सोते समय परिवार वालों पर स्प्रे छिड़ककर किया बेहोश

# कोतवाली के पास चोरों का धावा, लाखों के जेवर चोरी


वारदात के बाद टूटी अलमारी और लॉकर। अमृत विचार


धर्मेंद्र ने चोरी के बारे में जानकारी दी।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पुलिस को घटना पर संदेह, बोली- जांच के बाद सामने आएगा सच

**अमृत विचारः** अकबरपुर में सदर कोतवाली से महज चार सौ मीटर की दूरी पर एक घर में चोरी हो गई। गृह स्वामी के अनुसार चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े। इसके बाद नीचे आए और कमरे में सो रहे परिवार को स्प्रे जैसा कोई केमिकल सुंघाकर बेहोश कर दिया। चोरों ने अलमारी और उसके लॉकर से सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। करीब 12-13 लाख रुपये की चोरी होने का अनुमान है। हालांकि पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

मूल रूप से गांव गौरी सुल्तनापुर थाना देवराहट के रहने वाले धर्मेंद्र यादव पुत्र कमल सिंह ने अकबरपुर शहर के मंडी समिति इलाके में भूखंड लिया था। करीब एक-डेढ़ साल से उसी में रह रहे। पत्नी प्रतिमा देवी और बच्चे भी उन्ही के साथ यहां आवासित हैं। गृह स्वामी के अनुसार बीती रात खाना खा पीकर वह सो गए। देर रात घर के पिछले हिस्से से चोर छत पर आए। इसके बाद नीचे उतर कर उन्होंने सोए धर्मेंद्र और बाकी परिवारी जनों पर स्प्रे जैसा कुछ छिड़क दिया। इससे सभी अचेत से हो गए।

रविवार को काफी देर से उठे। आस-पास देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की शंका हुई तो अलमारी देखी। वह खुली थी। लॉकर भी खुला पड़ा था। जानकारी पर इलाकाई लोग पहुंचे। सूचना मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच की। धर्मेंद्र यादव के अनुसार चोर हार, माला, झाला, दो अंगूठी, तोड़ियां, पायल और नकद करीब 45 हजार रुपये ले गए हैं। दूसरी तरफ पुलिस ने घटना पर संदेह जताया है। चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह चौहान ने कहा कि घर में जरूरत के दरवाजे और ताले नहीं थे। अलमारी में तोड़े जाने के निशान नहीं मिले। जांच की जाएगी।

## मस्ती में लहराया तमंचा, धरा गया

**कानपुर देहात।** दोस्तों के साथ मस्ती करते समय युवक ने सरेआम तमंचा लहराया। किसी ने इसका वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। पुलिस ने संज्ञान लिया। इसके बाद युवक की पहचान की। सटीक सूचना मिलने के बाद युवक को धर दबोचा। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

मामला थाना राजपुर क्षेत्र का है। यहां कुछ दोस्तों ने मिलकर पार्टी की। इसके बाद मस्ती में आकर एक युवक ने तमंचा निकाला और फिर उसे लहराते हुए एक्टिंग की। दोस्तों में से ही किसी ने उसका वीडियो बनाया। इसके बाद सोशल मीडिया पर उसे वायरल कर दिया। इस तरह के कंटेंट पर नजर रखने वाली पुलिस की टीम ने उसे देखा और अधिकारियों को बताया। तब फुटेज के आधार पर तमंचा लहराने वाले युवक की पहचान शुरू हुई।

इस दौरान जानकारी मिली एक व्यक्ति दमनपुर वाले रोड पर पुलिया के पास खडा है। पुख्ता हो जाने के बाद कि यह वही व्यक्ति है जिसकी तमंचा लहराने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके से पास अवैध असलाह-कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवक ने अपना नाम विकास यादव पुत्र श्रीराम है। वह मध्य प्रदेश के दतिया जिले के गोदन थाना क्षेत्र के ग्राम तैतना का रहने वाला है।


रनियां थाने की पुलिस की गिरफ्त में आए अवैध शराब के तस्कर। अमृत विचार

# अब रायपुर में 225 क्वार्टर अवैध शराब बरामद, दो लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बोरी में भरकर मोटर साइकिल पर शराब ले जा रहे थे औरैया और चौबेपुर के युवक
- अवैध शराब की बिक्री और तस्करी का गढ़ बनता जा रहा रनियां थाना क्षेत्र

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र अवैध शराब के तस्करों का सेफ जोन सा बनता जा रहा है। पुलिस की ढिलाई से बड़ी मात्रा में शराब इधर से उधर की जा रही। रविवार को 225 क्वार्टर शराब की बरामदगी हुई। इसे ले जा रहे दो युवक गिरफ्तार किए गए।

हाल में कुछ तस्करों से करीब एक लाख रुपये की बरामदगी हुई थी। रविवार को फिर अवैध शराब पकड़ी गई। राजेश ईको स्पेयर लिमिटेड फैक्ट्री के पास रायपुर में संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की चेकिंग व तलाशी की जा रही थी। इसी दौरान कानपुर की तरफ से आ रही मोटर साइकिल से एक बोरी में पांच पेटी अवैध शराब पकड़ी गई। पेटियों में कुल 225 क्वार्टर (45 लीटर) अवैध देशी शराब थी। पुलिस के मुताबिक इसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपये है।

रनियां पुलिस ने बताया कि अवैध शराब ले जा रहे गुलशन पुत्र बृजकिशोर निवासी कैथावा थाना बेला जिला औरैया और अमन सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया है। तस्करों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना रनियां में धारा 60 आबकारी के तहत मुकदमा किया गया। दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।


मर्चरी में मौजूद फैक्ट्री कर्मी के परिवार वाले। अमृत विचार

# वैन की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की चली गई जान

संवाददाता, रनियां

- ड्यूटी खत्म होने के बाद सड़क पार करते समय वैन ने मारी टक्कर

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र में ड्यूटी समाप्त कर वापस घर लौट रहे एक फैक्ट्री कर्मी को हाईवे पार करते समय एक वैन ने टक्कर मार दी, जिससे फैक्ट्री कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए उसे मेडिकल कालेज भिजवाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


महेश चंद्र।

मूल रूप से इटावा जनपद के भरथना थाना क्षेत्र के सांभू निवासी महेश चंद्र (65) राजेंद्रा चौराहे पर स्थित एक खाद्य तेल फैक्ट्री में काम करता था। वर्तमान समय में वह किशरवल रोड रनियां में एक किराए के मकान में रहता था। शनिवार को दिन की ड्यूटी समाप्त कर देर रात्रि वह किसी प्राइवेट सवारी से रनियां पहुंचा और पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के सामने पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी हाईवे पर एक तेज रफ्तार वैन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई।

वैन का चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घरवालों को मिली तो रोना पिटना मच गया। पत्नी शिवदेवी, बच्चों सोनू, संदीप, सुधा, संगीता, सुधा, लक्ष्मी, का रो-रो कर बुरा हाल था। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर शिवनारायण सिंह ने बताया कि वैन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया गया है। एसआई सुरेन्द्र सिंह को पंचनामे के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# हवन की आहुतियों से शुद्ध होता वातावरण

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** हवन में श्लोकों द्वारा डाली जाने वाले हवन सामग्री की आहुति देने से जो धुआं उत्पन्न होता है उससे वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल भी मिलता है।

यह बात बारापुर स्थित जखई बाबा देवस्थान परिसर में संपन्न हुई नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के पश्चात हुए यज्ञ के समय कथावाचक आचार्य सोनू शास्त्री ने लोगों को बताई। उन्होंने कहा कि हवन पूजन के उपरांत भगवान को अर्पित किए गए प्रसाद को ग्रहण करना एक दिव्य आशीर्वाद माना जाता है इसे ग्रहण करने से भक्तों में श्रद्धा और संतुष्टि की भावना जागृत होती है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग भक्तों के लिए प्रसाद बन जाता है।


पंगत में बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

नौ दिवस की श्रीमद् भागवत कथा समापन के पश्चात हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खीर, सब्जी, पूड़ी की प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर रामखिलावन पूर्व प्रधान,मलखान सिंह, बृजकिशोर, हरिनंदन, टिंकू यादव, कौशल किशोर, कमलेश पाल,ध नीराम कुरील, विश्राम, कुलदीप, सत्यपाल , सुभाष,झल्लू, अमित,लालू सहित अनेकों लोगों ने भंडारे की प्रसादी वितरण में अपना सहयोग दिया।

# सड़क हादसों में एक की थमी सांस, दो लोग घायल

**कानपुर देहात।** रविवार को हाईवे पर दो मार्ग दुर्घटनाओं में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कानपुर रेफर किया गया है।

जैनपुर चौकी केत नबीपुर निवासी मुन्नी लाल यादव (75) पैदल माती की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां से कानपुर रेफर किया गया। वहां उनकी मौत हो गई। दूसरा हादसा बारा जोड़ ओवर ब्रिज पर हुआ। कार की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। मंगलपुर के नेपलापुर निवासी गोपाल पुत्र अशर्फीलाल व गजनेर के नहोली गांव के देवी सिंह पुत्र रामकिशोर घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां से गोपाल को कानपुर रेफर किया गया। कोतवाल हरमीत सिंह ने बताया दोनों हादसों की तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

## मारपीट में 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कानपुर देहात।** राजपुर थाना क्षेत्र के पिचौरा गांव में रिश्तेदारी से लौट रहे एक युवक को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने 8 नामजद 4 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

पिचौरा निवासी अजब सिंह ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे वह रिश्तेदार को खरका गांव छोड़ने गया था। वापस लौटने पर गांव में घर के सामने शादी में डांस कर रहे गांव के मनीष, दिनेश उर्फ छोटू, मनीष के रिश्तेदार मध्य प्रदेश के दतिया के तैतना निवासी रिंकू व विकास, विशाल, अजीत, विजय, सज्जन के अलावा चार अज्ञात लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया। पीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है।

पूर्णाहुति आज

प्रसिद्ध गौरियापुर आश्रम में पंचकुंडीय महायज्ञ का सातवां दिन, ददरौवा धाम के महंत पहुंचे

# व्याधियों से मुक्ति पाने के लिए हनुमान जी का जाप करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** गौरियापुर धाम के पंचकुंडीय महायज्ञ के सातवें दिन ददरौआ धाम के महंत पहुंचे। नवदिवसीय यज्ञ आयोजन के अंतर्गत रविवार को यज्ञ, भागवत, प्रवचन व कथा के कार्यक्रम हुए। गौरियापुर आश्रम के महंत श्री देव नारायण दास ने बताया कि सोमवार को यज्ञ और श्रीमद्भागवत पुराण की पूर्णाहुति संपन्न होगी। जो भी श्रद्धालु व्यस्तता के कारण अब तक इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं, उन्हें पुण्य लाभ का अवसर मिल सकता है।

आज रामायण के प्रसिद्ध वक्ता शशिकांत व आलोक पांडेय ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों पर आधारित रामचरित्र का सरस वर्णन प्रस्तुत किया। वक्ताओं के साथ ढोलक पर क्षेत्र के शाही गांव निवासी प्रदीप कुमार संगत दे रहे थे। स्थानीय मानस गायिका शिवानी अवस्थी ने भी रामकथाओं पर सुंदर व्याख्यान देकर के जन समुदाय को आनंदित किया।


गौरियापुर पहुंचे ददरौवा सरकार, उनके साथ महंत देवनारायण दास भी रहे।

यज्ञाचार्य राजनारायण त्रिपाठी ने बताया कि आज यह श्रीहरिहरात्मक महायज्ञ समापन की ओर बढ़ रहा है। सोमवार को इसकी पूर्णाहुति है। इसके लिए सभी यजमान पूर्णाहुति के लिए नारियल आदि आवश्यक पूजन सामग्री साथ लेकर यज्ञशाला में समय से उपस्थित हों। मंच पर अयोध्या के वैष्णव संत बाबा रामदेव दास के प्रवचनों के उपरांत दंदरौआ धाम से पधारे दंदरौआ सरकार से प्रसिद्ध स्वामी रामदास महाराज ने अपने प्रवचन में समस्त भक्त समुदाय को इस कलयुग में रामभक्त श्रीहनुमान जी के चरणों की शरण में जाने के लिए प्रेरित किया। महाराज ने बताया कि दंदरौआ धाम में निरंतर विराजमान श्रीहनुमानजी महाराज ही दंदरौआ सरकार कहलाते हैं।

उन्होंने कहा कि कलयुग की समस्त आधियों-व्याधियों, रोग व शोक से निवृत्ति चाहते हैं, तो रामभक्त श्रीहनुमानजी के चरणशरण में चले जाना चाहिए इससे लौकिक और पारलौकिक दोनों जीवन निरंतर धन्य-धन्य हो जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर सीताराम और हनुमानजी का संकीर्तन करवा करके भक्त समुदाय को भाव विभोर कर दिया।

इसके पहले दंदरौआ धाम के महाराज के स्वागत के लिए गौरियापुर ओवरब्रिज के नीचे से तमाम गाड़ियों और जन समुदाय के साथ जयकारे और फूल-मालाओं के साथ उनको आश्रम तक लाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर सुरेश अग्निहोत्री, राजेंद्र सेंगर, केशव प्रसाद द्विवेदी, विजय शंकर अवस्थी ,नारायण बाबू अवस्थी, हरदयाल पाठक, रानी देवी, राकेश पांडेय, संतोष दीक्षित, पंकज शुक्ला, रामनिवास मिश्रा, संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य डॉ रामनरेश त्रिपाठी व वेद नारायण पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# शराब ठेके में चोरी करने वाले दो शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

## अरौल पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, चोरी की नकदी, शराब और औजारों के साथ दबोचे गए



पुलिस की गिरफ्त में खड़े चोरी के आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** अरौल थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले शराब के ठेके में चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

4 फरवरी को अरौल कस्बे में स्थित हर्षित यादव की अंग्रेजी शराब और बीयर की कंपोजिट दुकान का शटर काटकर चोरों ने 61000 नकद और बीयर की केन और शराब की बोतले पार कर दी थीं। सेल्समैन प्रेम शंकर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। शुक्रवार रात थाना प्रभारी जनार्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जीटी रोड के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अनीश उर्फ अनिल बाल्मीक और राजेश बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि शराब की दुकान में चोरी की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से 4,480 रुपये, शराब की 3 बोतलें, घटना में इस्तेमाल की गई एक लोहे की सरिया और पेचकस बरामद किया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ **बिल्हौर।** बिल्हौर पुलिस ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये का इनामी घोषित कर रखा था। रविवार सुबह बिल्हौर पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन के पास से दबोच लिया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी राहुल भदौरिया मूल रूप से कानपुर के दबौली वेस्ट (कच्ची बस्ती) का रहने वाला है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लखनऊ के पारा क्षेत्र में नाम बदलकर किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि राहुल और उसका गिरोह बेहद शातिराना तरीके से लोगों को जाल में फंसाता था। वे शहर और ग्रामीण इलाकों में पंफलेट और पोस्टर चिपकाकर कम ब्याज पर मुद्रा लोन का लालच देते थे। आरोपी खुद को नामी बैंकों का कर्मचारी बताते थे। लोन अप्रूवल के नाम पर व्हाट्सएप पर दस्तावेज मंगवाते थे और फर्जी अप्रूवल लेटर भेजते थे।

### पीड़िता की शिकायत से खुला राज

■ **बिल्हौर।** इस गिरोह का पर्दाफाश अगस्त 2023 में हुआ, जब माखनपुरवा गांव की निवासी माया देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी ने 'पंकज भदौरिया' बनकर पीड़िता से संपर्क किया। फाइल चार्ज के नाम पर 1,790 रुपये और बीमा के नाम पर 9,000 रुपये जमा कराए। जब आरोपी ने 14,000 की और मांग की, तब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ और पुलिस में शिकायत की। पुलिस को जांच में पता चला है कि यह गिरोह केवल बिल्हौर ही नहीं, बल्कि चौबेपुर और आसपास के कई थाना क्षेत्रों में सक्रिय था। पुलिस इस मामले में दो अन्य आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है, जिन्होंने पूछताछ में राहुल भदौरिया को गिरोह का संचालक बताया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया करने के बाद जेल भेज दिया।



कार्यक्रम में मौजूद आयोजक। अमृत विचार

## कानपुर को जानने कश्मीर से आये युवा

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर में 9 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में कश्मीर के अनंतनाग ,कुपवाड़ा ,बड़गाम ,पुलवामा ,कश्मीर घाटी, बारामूला, श्रीनगर आदि जिलों के 132 युवा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं।

जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत कानपुर नगर अनुपम कुमार ने बताया की वतन को जानो कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं का राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर विशेष सत्र होगा, जिसके माध्यम से युवाओं को कौशल विकास शिक्षा रोजगार मेक इन इंडिया स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका आदि के विभिन्न कार्यक्रमों के संदर्भ में भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। कानपुर नगर के विभिन्न धरोहरों को कश्मीरी युवाओं को देखने का अवसर भी मिलेगा। कानपुर के पौराणिक स्थलों एवं उनके महत्व पर भी कश्मीरी युवाओं से चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के दो जिलों में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी प्रेस वार्ता में जिला युवा अधिकारी अनुपम कुमार, डॉ. उमेश पालीवाल, विनय त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, हिमांशु मिश्रा आदि के द्वारा दी गई।

## ट्रेन से कटने पर दो धड़ों में बंट गया किसान का शव

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र में इचौली गांव के पास 25 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह घर से खेत जा रहा था, तभी रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के बांदा-कानपुर रेलवे ट्रैक पर गांव इचौली श्याम नाला पुल के पास खेत जा रहे नायक पुरवा निवासी श्यामलाल (25) पुत्र जयपाल निषाद की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। इचौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त की पहचान होने पर परिजनों को घटना की सूचना दी। नायक पुरवा निवासी रमेश ने बताया कि चचेरा भाई श्यामलाल गांव में मजदूरी और बलकट में खेत लेकर किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार की शाम छह बजे वह घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद नहीं लौटा।

जैसे ही वह गांव से निकली रेलवे लाइन पर पहुंचकर उसे पार करने लगा, इसी बीच सामने से ट्रेन आ रही थी। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। धड़ दो हिस्सों में बंट गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी के नाम पर बन गया बंधुआ मजदूर

**हमीरपुर।** कस्बे के उपरौस नई बस्ती निवासी शहनाज बानो पत्नी छोटे ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र चांद बाबू को बड़ा कसौड़ा निवासी सद्दाम कुरैशी ने सऊदी अरब में अच्छी नौकरी का लालच देकर भेजा था। जिसमें उसका लगभग दो लाख रुपये खर्च आया था। लेकिन उसके पुत्र को वहां पर बंधुआ मजदूर बनाकर गंदगी साफ करवाई जा रही है। इतना ही नहीं उसके पुत्र को खाना भी नहीं मिल रहा है। पीड़िता ने अपने पुत्र को वापस बुलाने और उक्त सद्दाम कुरैशी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### विष्णु महायज्ञ शुरू यज्ञवेदी की परिक्रमा

**हमीरपुर।** कस्बे के महर्षि दयालदास बाबा के मंदिर के परिसर में विष्णु महायज्ञ का आयोजन शुक्रवार से शुरू हो गया। जिसमें आचार्य प्रसून शुक्ला मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ वेदी में आहुतियां दिलाने में लगे हुए हैं। ग्रामीण यज्ञ कुंड की परिक्रमा कर अपने जीवन को सफल बनाने में लगे हुए हैं। 14 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। 15 फरवरी को मंदिर परिसर से दोपहर से भोले शंकर की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जबकि 16 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वहीं यज्ञ के साथ मेले का भी आयोजन हो रहा है। जिसमें लगे झूला गांव वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए है। साथ ही महिलाएं घर गृहस्थी का सामान खरीदारी कर रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिवक्ता शिवकुमार पाठक, पहलवान यादव, संतोष पाठक, भाकियू के महेश तिवारी, राजकुमार पाठक, गट्टू विश्वकर्मा, अजीत अनुरागी, भुवनेश सिंह, रघुवीर सिंह, रामशरण, हुनर सिंह यादव, वेद रत्न मिश्रा, चंद्रपाल यादव, अभिलाष सिंह सहित ग्रामीण तन मन से लगे हुए हैं।

### बबली मिश्रा बनीं ब्लाक अध्यक्ष

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की गोष्ठी के पश्चात पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने बताया कि बबली मिश्रा को सुमेरपुर ब्लॉक का अध्यक्ष, उमा शुक्ला को सुमेरपुर का नगर अध्यक्ष, प्रीति अवस्थी को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अनामिका मिश्रा को ब्लॉक महामंत्री, सीमा तिवारी को नगर उपाध्यक्ष एवं रश्मि तिवारी को कुरारा ब्लॉक का प्रभारी बनाया गया है। इनके मनोनयन पर मौजूद मातृशक्ति ने हर्ष जताया।

### पुलिस टीम ने पत्रकार एकादश को हराया

**हमीरपुर।** पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द, समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को मैत्री क्रिकेट मैच नेशनल इंटर कॉलेज परिसर में का खेला गया। जिसमें मौदहा प्रेस क्लब टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। कोतवाली पुलिस टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 97 रन बनाए। पत्रकार टीम के सामने 98 रनों का लक्ष्य रखा। जिसके जवाब में पत्रकार टीम 72 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस मौके पर चेयरमैन राजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ, अरुण कुमार शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल रहे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**बिल्हौर।** कस्बे में एक महिला ने घर में छत की धन्नी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार भोर पहर मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की और फॉरेंसिक जांच के लिए फील्ड यूनिट को सूचना दी। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है।



खुशनुमा।

ककवन निवासी असलम कपड़ों की सिलाई का काम करता था। 13 वर्ष पूर्व उसका विवाह खुशनुमा (33 वर्ष) से हुआ था। उसके उसके दो बेटे और एक बेटी सहित तीन बच्चे हैं। एक वर्ष पहले असलम ने अपनी भाभी की बहन से दूसरी शादी कर ली थी। लोगों की माने तो दूसरी शादी के बाद से ही घर में कलह का माहौल हो गया था। आयदिन विवाद होता था। असलम भी दूसरी शादी के बाद टूटी पत्नी का ही पक्ष लेता था। शनिवार देर रात खुशनुमा ने कलह से तंग आकर घर के पिछले हिस्से में कच्ची छत में पड़ी धन्नी में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। भोर पहर जानकारी होने पर असलम के पिता ने पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। टीम सहित मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की और फारेंसिक जांच के लिए फील्ड यूनिट को सूचना दी। फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लोगों की माने तो तीनों बच्चों के भविष्य को देखते हुए मायके वालों ने कोई लिखित शिकायत नहीं की। थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## घाटमपुर में झाड़ियों में लगी भीषण आग

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** रविवार की शाम को धरमपुर बंबा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवाओं के चलते आग लगभग तीन किलोमीटर क्षेत्र में फैल गई।

आग की जानकारी मिलते ही पतारा चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग लगातार फैल रही थी, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। आग के फैलाव को देखते हुए पुलिस ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी,



मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड की टीम। अमृत विचार

जिसके बाद क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद कराई गई। इसके साथ ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने मिलकर समर्सिबल पंप चालू कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग को फैलता देख पतारा चौकी में तैनात एसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह ने साहस का परिचय देते हुए एक नीम के पेड़ की डाल तोड़कर खुद झाड़ियों में घुसकर आग बुझानी शुरू कर दी। इस दौरान वह मामूली रूप से झुलस भी गए, लेकिन आग पर काबू पाने में जुटे रहे। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की संयुक्त कोशिश से आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इस अग्निकांड में करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र की खरपतवार राख हो गई। घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि झाड़ियों में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर गई थी। आग लगभग तीन किलोमीटर तक फैल गई थी, लेकिन समय रहते उस पर काबू पा लिया गया।

### विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरौंदा में नवविवाहिता ने शनिवार को साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी अंकित तिवारी की पत्नी आशा देवी (24) ने शनिवार को रात करीब दस बजे घर में टीनशेड में लगी बल्ली में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति अंकित घर के अंदर आया तो देखा कि पत्नी आशा साड़ी के फंदे में लटकी है, तो उसे आनन फानन में नीचे उतारा और देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थी। वह चिल्ला कर रोने लगा। जिस पर उसके मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। इसके बाद पत्नी के मौत की सूचना अपनी ससुराल में दी। आशा देवी के मायके से आए उसके भाई विनय त्रिपाठी ने हत्या का आरोप लगाया।

## संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बनाता

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को घाटमपुर नगर स्थित माँ कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा, समरसता और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत इस सम्मेलन में संत-महात्माओं, सामाजिक प्रबुद्धजनों एवं हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

सम्मेलन की मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में हिन्दू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि संस्कारयुक्त और संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बनाता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों की रक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक





महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति के साथ मौजूद विधायक सरोज कुरील व अन्य। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

- संघ के शताब्दी वर्ष पर घाटमपुर में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित

की भूमिका अहम है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रकाश शर्मा पूर्व केंद्रीय संयोजक ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति जब संस्कारों से जुड़ती है, तभी समाज और राष्ट्र प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर पूज्य श्री कृष्णदास महाराज पनकी हनुमान मंदिर एवं राजेन्द्र क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने भी अपने विचार रखते हुए हिन्दू समाज में एकता और समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक आशीष, मनोज परमार, अमोल सिंह, शिवकांत, हेमंत एवं शरद की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही गौरव पांडेय, रवि एवं विकल्प बाजपेयी भी मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान तक्षशिला पब्लिक स्कूल, बी.एल.बी.डी. पब्लिक स्कूल एवं शक्ति डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मूक नाटिका का मंचन कर दिया साफ-सफाई का संदेश

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी के छात्र छात्राओं ने कूष्मांडा माता के मंदिर परिसर में मूक नाटिका (माइम) का मंचन किया। मंचन के जरिये उन्होंने मंदिर में आए लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे मे जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी, कला शिक्षक नन्दन विद्यार्थी, माइम में सहभागी छात्र-छात्राओं रवि सविता, अंकित, विकास, नितिन, अवनराज, पूजा, हेमंत, शिवम, अमीर खान सहित डॉ सतेन्द्र अग्निहोत्री, श्याम जी शुक्ला, कृपाल बिंदु सहित आदि लोग मौजूद रहे।



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**धर्म अध्यात्म** — श्री राम कथा के चौथे दिन आचार्य ने सुनाया राम जन्म का सुंदर प्रसंग

# कर्म ,त्याग व भक्ति की त्रिवेणी है श्रीराम कथा : आचार्य संतोष

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार ।** राम कथा केवल कथा ही नहीं, अपितु कर्म,त्याग व भक्ति की त्रिवेणी है। मनुष्य यदि श्रीराम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने लगे, तो उसके जीवन का कल्याण निश्चित है। राम कथा हमें अहंकार त्याग कर एक आदर्श व सत्यवादी जीवन जीने की प्रेरणा देती है। कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब हम इसको अपने जीवन में उतार ले।

उक्त प्रवचन रविवार को कस्बे के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान आचार्य संतोष जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। कथा के चौथे दिन आचार्य संतोष जी महाराज ने भक्तों को श्रीराम जन्म का रोचक वर्णन सुनाते हुए बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ के संतान न होने के कारण वह दुखी रहते थे। जिसके



कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार



कथा सुनाते आचार्य संतोष। अमृत विचार

निदान के लिए वह अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां

- कथा श्रवण व रासलीला देखने के लिए दिनों-दिन उमड़ रहे श्रद्धालु

वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करवाते हैं। जिसके फलस्वरूप रानी कौशल्या से राम, कैकेई से भरत और सुमित्रा से लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म होता है। श्रीराम के जन्म लेते ही पूरी अयोध्या में हर्ष का माहौल व बधाइयों का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दौरान आचार्य ने राजा जी खजनवा दे दे, भजन सुना कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा सुनने व रासलीला देखने के लिए यहां दिनों दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है।

### राम वनवास की कथा सुन नम हुईं आंखें

**घाटमपुर ।** शिव हरि धाम में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन भगवान श्रीराम की वनवास कथा को सुनकर भक्तजन भावुक को गए। कथा वाचक व्यास रक्षा द्विवेदी ने राम नाम का वर्णन करते हुए। भगवान श्रीराम कथा की वनवास लीला का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया। प्रभु श्रीराम के वन जाने की कथा सुनकर वहां पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। कथा समापन के बाद आरती की गई। उसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

### प्रभु की आराधना से सिद्ध होते हैं चारों पुरुषार्थ

**बिठूर।** काली देवी मंदिर बनी इटरा में गोविंद आश्रम दंडी स्वामी के सानिध्य में चल रहा शतचंडी यज्ञ एवं भागवत सप्ताह में आचार्य शरदेंदु त्रिपाठी ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए बताया की जो भक्त भगवान की आराधना करता है उसके धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों पुरुषार्थ सिद्ध हो जाते हैं। संपत्ति और संतति का सर्वनाश होने पर भी वसुदेव देवकी दीनता पूर्वक ईश्वर की आराधना करते रहे मस्तक में बुद्धि है जब बुद्धि ईश्वर का अनुभव करती है तब संसार के सारे बंधन टूट जाते हैं और जो भगवान को अपने मस्तक पर विराजमान करता है उनके लिए कारागार तो क्या मोक्ष के द्वारा भी खुल जाते हैं । इस अवसर पर कथा के परीक्षित राम सजीवन मिश्र ,रुद्र दत्त तिवारी, रामकृष्ण श्रीबाबू हरिश्चंद्र समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## सीएमओ के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारी

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी ने रविवार को बिल्हौर और शिवराजपुर क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भारी अव्यवस्थाएं और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाई जाने पर सीएमओ ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मियों का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी अचानक पीएचसी उत्तरीपुरा बिल्हौर पहुंचे यहां आयुष चिकित्सक डॉ. स्मिता कटियार और वार्डब्वाय रामानुज अनुपस्थित मिले। परिसर में झाड़ियां उगी पाई गईं और साफ-सफाई अत्यंत असंतोषजनक थी। पीएचसी बीरामऊ शिवराजपुर में संविदा आयुष चिकित्सक डॉ. सौम्या साहू और उपचारिका रश्मी ड्यूटी से नदारद मिलीं। यहाँ भी स्वच्छता की स्थिति खराब पाई गई। पीएचसी

- सीएमओ ने संबंधित कर्मियों का वेतन रोकने का दिया आदेश

मुश्ता शिवराजपुर में फार्मासिस्ट सीमा सिंह अनुपस्थित पाई गईं और परिसर में सफाई व्यवस्था अत्यंत बदहाल थी। वहीं पीएचसी डुडवाजमौली शिवराजपुर में तैनात एल.टी. अंजली दिसंबर 2025 से चिकित्सा अवकाश पर हैं, लेकिन उनके अवकाश से संबंधित कोई भी आधिकारिक अभिलेख मौके पर उपलब्ध नहीं मिला। इस तरह की अव्यवस्थायें देखकर सीएमओ का पारा चढ़ गया और निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए सभी चिकित्सकों और कर्मियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने बिल्हौर और शिवराजपुर के चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि वे

तीन दिनों के भीतर इन अनियमितताओं पर बिंदुवार स्पष्टीकरण रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## चाकूबाजी का आरोपी धरा गया

**मौदहा।** छेड़छाड़ के मामले को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई थी। जिसमें पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कस्बे की एक युवती के साथ शेखर यादव नामक युवक छेड़छाड़ करता था। इसको लेकर परिवार से झगड़ा भी हुआ था। रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार देर शाम शेखर यादव ने युवती के भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया था। कानपुर में इलाज चल रहा है। कोतवाली के निकट हुई इस घटना से पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी शेखर यादव, राजा कुरैशी और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी शेखर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडिक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999

## सिटी ब्रीफ

### निदेशक बने प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी

**कानपुर।** सीएसजेएयू के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने श्रीमद्भगवद् गीता एवं वैदिक वांड्मय शोधपीठ के कुशल संचालन एवं शोध गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी को शोधपीठ का निदेशक बनाया है। इसके अलावा अनिल कुमार गुप्त को सह निदेशक नियुक्त किया है। गीता शोधपीठ का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेष कर युवाओं को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना एवं भविष्य में एक अच्छे नेतृत्व एवं प्रबंधन की कुशलता में सक्षम बनाना है।



प्रो. राजेश।

### गर्भवती को दो बहनों ने पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा में टीपीनगर बगाही में गर्भवती महिला से मारपीट हुई। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बगाही के रहने वाले राज की गर्भवती पत्नी जैनब ने बताया कि शुक्रवार रात वह घर के बाहर सामान लेने गई थीं, तभी इलाके की किरन और उसकी बहन गुड़िया ने गाली–गलौज की। विरोध करने पर दोनों ने लात–घूंसों से हमला किया। आरोप है कि बच्चा गिराने और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### घर में घुसकर मारपीट सात पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता जेबा ने आरोप लगाया कि दो दिन पहले इलाके का राजू उर्फ राज डांसर, शीबू उर्फ ड्राइवर, आफरीन, नाजनी, नेहा, जाहूर रहमान उर्फ मुन्ना व शकीला समेत अन्य लोगों ने घर में घुसकर उसके व उसकी मां और पिता के साथ मारपीट की। आरोप है कि शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### घर में घुसकर मारपीट किया पथराव

**कानपुर।** चकेरी के टटियन झनाकां निवासी रेनू वर्मा के अनुसार बीती एक फरवरी की शाम को पुराने विवाद के चलते रोहित, अमित, गणेश और मुन्नू उनके घर मे घुस आए और पीड़िता को अकेला पाकर मारपीट की। लोगों के विरोध पर आरोपी उस समय भाग गए, लेकिन उसी रात को दोबारा घर के बाहर आए और पथराव किया।

# वीआईपी रोड पर बड़े कारोबारी की लेम्बोर्गिनी कार ने मचाया कोहराम

## ऑटो और बुलेट में टक्कर मारकर फुटपाथ पर चढ़ी, लोग डरकर जान बचाकर भागे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हादसे के बाद कार थाने ले जाती पुलिस। अमृत विचार

- स्थानीय लोगों ने घेरी कार व्यापारी के निजी सुरक्षा गार्डों से हुई धक्कामुक्की
- कार चालक को दौरा पड़ने से हुआ हादसा, घायल युवक को अस्पताल भेजा

**अमृत विचार।** ग्वालटोली में वीआईपी रोड पर तंबाकू व्यापारी की हाईस्पीड लेम्बोर्गिनी कार ने कोहराम मचा दिया। अनियंत्रित कार ने एक ऑटो व बुलेट में टक्कर मार दी, इसके बाद फुटपाथ पर चढ़ गई। टक्कर से बुलेट सवार उछलकर दूर जा गिरा और ऑटो पलट गया। बेकाबू कार देख अन्य वाहनों ने भी ब्रेक मारे तो गाड़ियां लड़ गईं। हादसे में एक युवक गंभीर घायल हो गया। कार के पीछे फॉर्च्यूनर में आ रहे तंबाकू कारोबारी के निजी सुरक्षा गार्डों (बाउंसर) ने कार का शीशा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। इसी बीच स्थानीय लोगों ने सबको घेर लिया। लोगों व गार्डों में धक्कामुक्की हुई। सड़क पर हंगामा की खबर पर पहुंची पुलिस ने कारोबारी व घायल युवक को अस्पताल भेजा। कार को थाने पहुंचाया। पता चला कि कार सवार व्यापारी को अचानक दौरा पड़ने से हादसा हुआ है।

आर्यनगर निवासी तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा रविवार दोपहर अपनी लेम्बोर्गिनी कार से वीआईपी रोड पर जा रहे थे। अचानक रिंग वाला चौराहा के पास उनकी कार अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे खड़ी ऑटो व बुलेट में टक्कर मारने के बाद फुटपाथ पर चढ़ गई। फुटपाथ पर खड़ा चमनगंज निवासी युवक तौफीक अहमद गंभीर घायल हो गया। बुलेट सवार खलासी लाइन निवासी विशाल त्रिपाठी व सोनू त्रिपाठी भी मामूली चुटहिल हुए। हादसा देखकर स्थानीय लोगों ने कार घेर ली। इस बीच व्यापारी की कार के पीछे फॉर्च्युनर में सवार उनके सुरक्षा गार्ड भी पहुंच गए। मालिक को अचेत अवस्था में देखकर उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, इस पर लोगों ने सुरक्षा गार्डों को घेर लिया। उनके बीच धक्कामुक्की होने लगी। लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। इसी बीच तंबाकू व्यापारी के सुरक्षा गार्डों ने ईट से कार का शीशा तोड़ा और उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा। पुलिस ने घायल तौफीक को उर्सला भेजा। कार को पुलिस कर्मी थाने ले गए। खबर पाकर व्यापारी के परिजन भी पहुंचे और पुलिस को बताया कि उन्हें दौरा आता है। छह माह पहले भी दौरा आया था। तब से उनका इंग्लैंड से इलाज चल रहा है। अचानक दौरा पड़ने से ही हादसा हुआ है। डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

## शुक्लागंज में अवैध प्लाटिंग पर होगी कार्रवाई

**कानपुर ।** बिठूर, नवाबगंज, कल्यानपुर, गंगाबैराज, मंधना, सिंहपुर, बैकुंडपुर, ख्योरा व कटरी के अलावा शुक्लागंज में की गई अवैध प्लाटिंग व अनाधिकृत निर्माण पर कानपुर विकास प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। केडीए ने शुक्लागंज में अवैध रूप से किए गए निर्माण व प्लाटिंग को चिन्हित करने के निर्देश प्रवर्तन व भूमि बैंक अनुभाग को दिए हैं। साथ ही सर्वे कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा है।

शुक्लागंज क्षेत्र में कुछ जगहों पर अवैध, अनाधिकृत निर्माण व विकास कार्य किए गए या किए जा रहे हैं। केडीए से मानचित्र तक नहीं स्वीकृत कराए हैं और बिना अनुज्ञा प्राप्त किये प्लाटिंग विकासित की जा रही है। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गब्र्याल के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी व उप जिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह ने अवैध कार्यों पर अंकुश लगाए जाने के लिए प्रवर्तन व भूमि बैंक अनुभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि सर्वे के बाद अवैध, अनाधिकृत निर्माण व विकास कार्य के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित प्लाटिंग में भूमि खरीदने से पहले कानपुर विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत की जानकारी स्वयं प्राप्त करने के बाद ही भूमि क्रय करें।

# होली पर तमाम ट्रेनें फुल स्पेशल में बर्थ तलाशें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद अहमदाबाद, बेंगलुरु की कई ट्रेनों में वेटिंग नहीं

**अमृत विचार।** होली पर रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। यदि आप जाने का प्लान बना रहे हैं तो ट्रेनों में आरक्षण तलाशें और यदि नहीं मिले तो स्पेशल ट्रेनों के बारे में जरूर जानकारी ले लें ताकि ऐन वक्त पर कोई परेशानी नहीं हो। बिहार, गोरखपुर की ओर जाने वाली कई ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची भी बंद होने वाली है।

3 मार्च को होलिका दहन होगा। अधिकतर ट्रेनों में सीटें लगभग भर चुकी हैं। मुंबई से गोरखपुर जाने वाली कुशी नगर एक्सप्रेस के अतिरिक्त नीलांचल एक्सप्रेस, वंदेभारत, स्वर्ण शताब्दी, शताब्दी, श्रमशक्ति एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, प्रयागराज, हमसफर, कैफियत, वैशाली, जनसाधारण एक्सप्रेस, सप्तक्रांति एक्सप्रेस समेत 100 से अधिक ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची भी बंदी के कगार पर है। इन ट्रेनों में बर्थ मिलना टेढ़ी खीर है। इसी प्रकार दूसरे सप्ताह में लोग त्योहार मनाकर अपने काम पर वापस जाएंगे, इसलिए नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद आदि जिलों की ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिलेगा। मुंबई जाने वाली गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस, आजमगढ़-मुंबई एलटीटी सुपरफास्ट, कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, उद्योगनगरी एक्सप्रेस, गोरखपुर-मुंबई एलटीटी में लंबी वेटिंग है। अहमदाबाद जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस, गरबा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, पारसनाथ एक्सप्रेस फुल हो चुकी हैं। बताते चलें कि होली पर लंबी दूरी की ट्रेनों में कई ऐसी ट्रेनें हैं जिनकी वेटिंग भी बंद हो चुकी है तो किसी ट्रेन की वेटिंग लिस्ट 200 से अधिक पहुंच चुकी है, वीआईपी ट्रेनों में कोई सीट खाली नहीं है। कुल मिलाकर मार्च के पहले व दूसरे सप्ताह में आप बहुत जरूरी हो, तभी यात्रा करें अन्यथा परेशान हो जाएंगे।

### स्लीपर प्राइवेट बसों में भी आरक्षण की मारामारी

- कानपुर स्थित फजलगंज से पूरे देश के लिए प्राइवेट स्लीपर बसों का आवागमन है, इन बसों में होली के प्रथम एवं दूसरे सप्ताह में बर्थ नहीं मिलेगी जबकि मार्च के दूसरे सप्ताह में कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज आदि जिलों से दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, बालाजी, जयपुर आदि जाने वाली बसों में सीटें फुल हो चुकी हैं।

# बोगस फर्में बनाकर 2.66 करोड़ की टैक्स चोरी, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी जीएसडी गैंग का खुलासा झांसी का मास्टरमाइंड चला रहा था गैंग
- दो आरोपी कमल गौरव व एतिशाम हुसैन गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बरामद




**अमृत विचार।** क्राइम ब्रांच ने फर्जी जीएसटी गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी फर्म बनाकर 2.62 करोड़ की टैक्स चोरी की। आरोपियों ने बोगस फर्मों के जरिए बिना वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेकर सरकारी राजस्व का चूना लगाया।

डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि सात दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ के राज्य कर आयुक्त ने प्रदेश के कर आयुक्त को पत्र भेजकर अवगत कराया कि मेहरबान सिंह का पुरवा स्थित अपूर्वा ट्रेडिंग कंपनी ने 2019-20 के दौरान 2.66 करोड़ की टैक्स चोरी की है। इसके बाद जांच में मिला कि उक्त पते पर कोई व्यवसाय संचालित नहीं है। फिर दो जुलाई 2025 को राज्यकर अधिकारी रवि प्रकाश ने कल्याणपुर थाने में कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना क्राइम ब्रांच को मिली। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 30 मार्च 2016 को कूटरचित दस्तावेजों से गल्ला बिक्री कंपनी का पंजीकरण कराया है। दस्तावेजों में जिस मोबाइल नंबर का जिक्र था वह बंद मिला। फिर पता चला कमल व एतिशाम कागजों पर महाराष्ट्र की राव एग्रो एजेंसी व जगदेव एग्रो एजेंसी और छत्तीसगढ़ की नीदा ट्रेडर्स को मूंगफली की बिक्री दिखा रहे। इन फर्म के ई-वे बिल भी आरोपी तैयार करते। मगर माल मंगाया व बेचा नहीं जाता था। इसका मास्टर मांइड झांसी का राकेश साहू निकला। पुलिस को उसे तलाशा और पकड़े गए आरोपी कमल गौरव साहू और एतिशाम हुसैन को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से बैंक कार्ड, आईफोन, जीएसटी रजिस्ट्रेशन, ई-वे बिल, फर्जी इनवॉइस और अन्य दस्तावेज बरामद हुए।

**सीए के यहां नौकरी करता एतिशाम :** डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपी कमल स्नातक है और एतिशाम हुसैन एक सीए के यहां नौकरी करता है। एतिशाम को बिल बनाने व जीएसटी दाखिल करने पर 500 रुपये मिलते थे, जबकि मास्टर माइंड राकेश 50 हजार रुपये देता था। आरोपियों ने बताया कि वह फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल व किरायानामा तैयार करते। फिर यूपी, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ राज्यों में फर्जी जीएसटी फर्मों का पंजीकरण कराते। माल आपूर्ति के बिना कागजों पर ही लेनदेन दिखाकर टैक्स इनवॉइस व ई-वे बिल बनाए जाते। जिससे आईटीसी का अवैध लाभ मिलता।

## गणित व विज्ञान के प्रश्नों ने उलझाया

**कानपुर।** शहर में रविवार को सीटीईटी दूसरे दिन भी आयोजित हुई। दो पालियों में हुई परीक्षा में गणित व विज्ञान के प्रश्नपत्रो ने परीक्षार्थियों को उलझाया। परीक्षा के दौरान 335 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के लिए सुबह से ही केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी जमा हुए। तय समय पर परीक्षार्थियों का प्रवेश केंद्रों में हुआ। इस दौरान परीक्षार्थियों की गहन तलाशी भी हुई। मोबाइल, चाबियां व पर्स सहित अन्य सामग्रियां जमा कराए गए। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में गणित के प्रश्न काफी उलझाऊ रहे। ऑप्शनल प्रश्नों के उत्तर की प्रक्रिया बड़ी रही। जिससे उन लोगों का समय अधिक लगा। इसी तरह विज्ञान की बात की जाए तो उनमें भी सूत्र संबंधी प्रश्न अधिक कठिन रहे। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में पूछे गए अन्य प्रश्न औसत रहे जिन्हे हल करने में किसी तरह की कठिनाई नहीं उठानी पड़ी। उधर बताया गया कि परीक्षा के लिए 39325 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था। इनमें 335 परीक्षार्थी अनुपस्थित घोषित किए गए।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# आईआईटी से नौबस्ता तक के रूट पर चलाई जाएंगी 29 मेट्रो ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कॉरिडोर–1 में संचालित मेट्रो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कॉरिडोर-1 में मेट्रो के सभी स्टेशन पर हर पांच मिनट में मेट्रो ट्रेन की सुविधा मिलेगी। इसके लिए 29 मेट्रो ट्रेंनें शहर में मंगाई गईं हैं। इनका संचालन आईआईटी से नौबस्ता तक रूट पर बदल-बदलकर किया जाएगा।

शहर में मेट्रो का संचालन वर्तमान में आईआईटी कल्यानपुर से कानपुर सेंट्रल तक किया जा रहा है। इस रूट पर 14 मेट्रो स्टेशन हैं, जहां पर अभी यात्रियों को हर 10 से 15 मिनट में मेट्रो ट्रेन की सुविधा मिल रही है। लेकिन अब जल्द ही यह समय घटकर पांच से सात मिनट ही रह जाएगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) इस रूट पर 29 मेट्रो ट्रेनों का संचालन करेगा, जिससे यात्रियों को भारी जाम से मुक्ति मिलेगी, समय की बचत होगी और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होगी।

मेट्रो से आईआईटी से सेंट्रल तक का सफर 20 से 25 मिनट में पूरा होगा। जबकि सेंट्रल से नौबस्ता तक का सफर 15 से 20 मिनट में पूरा हो सकेगा, जो सड़क मार्ग के मुकाबले काफी तेज है। व्यस्त चौराहा जैसे कल्यानपुर, गुरुदेव, गीता नगर, रावतपुर, हैलट, ईदगाह, चुन्नीगंज, परेड, बड़ा चौराहा समेत आदि जगहों पर लगने वाले जाम से भी नहीं जूझना पड़ेगा। वहीं, अब जल्द ही शहरवासी आईआईटी से नौबस्ता तक का सफर भी मेट्रो से कर सकेंगे। इसके संबंध में ट्रायल शुरू कर दिया गया है। यूपीएमआरसी के जनसंपर्क विभाग में संयुक्त महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा के मुताबिक कॉरिडोर-1 में संचालन के लिए 29 मेट्रो मंगाई हैं। इसका संचालन बदल-बदल किया जाएगा। इससे स्टेशनों पर मेट्रो हर पांच मिनट में उपलब्ध होगी।

### कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक हैं सात स्टेशन

- कॉरिडोर–1 के लगभग आठ किमी लंबे शेष सेक्शन में कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक सात स्टेशन हैं। इनमें से करीब तीन किमी हिस्सा (कानपुर सेंट्रल से स्वदेशी कॉटन मिल रैम्प तक) अंडरग्राउंड और करीब साढ़े पांच किमी हिस्सा (बारादेवी से नौबस्ता तक) एलिवेटेड है। बारादेवी से नौबस्ता तक करीब साढ़े पांच किमी लंबे एलिवेटेड सेक्शन में ट्रैक निर्माण कार्य अक्टूबर 2025 में पूरा हो गया है। एलिवेटेड सेक्शन की दोनों लाइनों (अप–लाइन और डाउनलाइन) पर ट्रैक निर्माण के साथ थर्ड रेल और सिग्नलिंग उपकरणों के इंस्टॉलेशन का कार्य भी पूरा हो चुका है। अब यहां पर ट्रायल किया जा रहा है।



कलश और पोथी यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

# 251 महिलाओं ने धारण किया कलश

**कानपुर।** श्री बांके बिहारी जी परिवार समिति की ओर से रविवार को श्रीमद् भागवत महोत्सव की शुरुआत हुई। धार्मिक आयोजन के पहले दिन वेदी पूजन और कलश व पोथी यात्रा निकाली गई। जिसमे 251 महिलाएं शामिल हुई। यह यात्रा मलिक रेजीडेंसी होटल 80 फीट रोड से शुरू होकर अशोक नगर से लाजपत भवन होते हुए कथा स्थल मोतीझील लॉन पहुंची। कथा के दौरान रामलीला सोसाइटी परेड के अध्यक्ष महेंद्र मोहन गुप्त व महापौर प्रमिला पाण्डेय भी शामिल हुईं। कथा में कथा व्यास आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री (वृन्दावन) ने कथा का रसपान कराया। भजनों राधे राधे जपा करो, कृष्ण नाम रस पिया करो, मुझे चरणों से लगाले मेरे श्याम मुरली वाले सुनाए गे। संजय गुप्ता, पंकज बंका, विनोद मुरारका, राजेंद्र गुप्ता, राम किशन गुप्ता, राम किशन अग्रवाल, अंकुर सिंघल एवं राज कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

राजनीति | लक्ष्मी कोरी, विकास और पवन गुप्ता ने दिल्ली में रक्षा मंत्री से मिलकर महापौर और उनके पुत्र की शिकायत की

# बागी पार्षदों की राजनाथ को अर्जी, बोले– रोकिए मनमर्जी

विशेष संवाददाता, कानपुर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले पार्षद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महापौर के साथ चल रहे विवाद के बीच बागी पार्षद दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले और उन्हें पूरी बात बताने के बाद समस्या के समाधान की मांग की। रक्षा मंत्री ने आश्वासन देकर इस मसले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलने का सुझाव दिया।

महापौर प्रमिला पांडे और उनके पुत्र बंटी के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले भाजपा के छह में से तीन पार्षदों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बताया कि नगर निगम की ओर से वार्डों में विकास कार्यों के आवंटन में मनमानी और भेदभाव हो रहा है। सदन में आवाज उठाने पर दो पार्षदों का निष्कासन कर दिया गया। आरोप लगाया कि महापौर मनमानी करती हैं और उनके पुत्र का निगम के कामों में दखल रहता है। पार्षदों ने निष्कासन रद करवाने और विकास कार्यों में सही आवंटन की मांग रखी। रक्षा मंत्री ने पार्षदों को आश्वासन देने के साथ सलाह दी कि इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष से मिलें। वह भी बात करेंगे। राजनाथ सिंह से भेंट करने वालों में पार्षद पवन गुप्ता, लक्ष्मी कोरी और विकास जायसवाल शामिल थे l उनके साथ तीन और पार्षद को भी मिलना था, लेकिन पवन गुप्ता के अनुसार इसकी अनुमति नहीं मिली। महापौर और पार्षदों के बीच विवाद पिछले दो महीने से चल रहा है। सदन से निष्कासन के बाद छह पार्षदों ने मुखर होकर मोर्चा खोल रखा है। उनकी तरफ से महापौर और उनके पुत्र के खिलाफ शिकायतों की पोटली संगठन के नेताओं और मंत्रियों के पास पहुंचाई जा रही है। पार्षद अब तक प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, संगठन महामंत्री धर्मपाल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पॉल से मिल चुके हैं। लेकिन न तो पार्षदों का निष्कासन वापस हुआ है, और न ही बागी पार्षदों के वार्डों में काम शुरू हुआ है। बीते दिनों बागी पार्षदों ने जमीन कब्जों की शिकायत भी की है, जिस पर जांच हो रही है।

### शक्ति प्रदर्शन, 'तुम डाल-डाल, हम पात-पात'

- महापौर प्रमिला पांडे ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राजनाथ सिंह सहित कई बड़े नेताओं से मिलकर पूरे विवाद की जानकारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष के कानपुर दौरे के बाद पोस्टर वॉर और रातोरात पोस्टर हटवाने का मामला भी चर्चा में रहा था। लेकिन सब जानते हुए भी संगठन मौन है।

### मंगल भवन निर्माण की जांच

- बृजेंद्र स्वरूप पार्क में निर्मित मंगल भवन निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत पर मंडलायुक्त स्तर से जांच शुरू हो गई है। इस बाबत सांसद रमेश अवस्थी ने शिकायत की थी। तब से सांसद और महापौर के बीच भी तनातनी है। बताते हैं विवाद के चलते ही राजनाथ सिंह मंगल भवन के उद्घाटन समारोह में नहीं आए थे।

## सिटी ब्रीफ

### जनता से दुर्व्यवहार में दरोगा लाइन हाजिर

**कानपुर।** आईजीआरएस शिकायतों में लापरवाही और जनता से दुर्व्यवहार में डीसीपी वेस्ट कासिम आब्दी ने कल्यानपुर थाने में तैनात दरोगा मोहित सोनी को रविवार लाइन हाजिर किया है। दरोगा की शिकायत पुलिस कमिश्नर से हुई थी। जिसकी जांच एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार को सौंपी गई थीं। कल्याणपुर के आईआईटी चौकी में दरोगा मोहित की तैनाती थी। डीसीपी ने बताया कि आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में दरोगा की ओर से लापरवाही बरती जा रही थी। इसके साथ ही आम जनता से दुर्व्यवहार, फरियाद की समस्या को अनदेखा किया जा रहा था। एसीपी आशुतोष कुमार की जांच रिपोर्ट आने पर आरोप सही पाए जाने पर रविवार को दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया।

### विवाद में छेड़छाड़ का आरोप, चार पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा में गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित परिवार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप है कि बीती तीन फरवरी को फैजान, गोनी उर्फ नफीस अहमद, अनीस अहमद व नूरजहां ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी को लेकर विवाद किया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचीं परिवार की बहन-बेटी के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की गई। साथ ही तमंचा दिखाकर जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। जांच रिपोर्ट मे चौकी प्रभारी बाबूपुरवा दीपक कुमार ने घटना को सत्य होना बताया था। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### पति समेत ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**कानपुर।** किदवईनगर निवासी प्रीति पाल की तहरीर पर पुलिस ने पति अरविंद कुमार उर्फ मुन्ना, सास सुशीला, देवर रंजीत, देवर वंश, ननद शशिकला उर्फ बिट्टो समेत अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता रहा है। विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर नवंबर 2025 में मायके आकर रहने लगी। दोबारा शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर में निर्माणाधीन मकान में तराई करते समय राजमिस्त्री की करंट से मौत हो गई। मध्यप्रदेश के सागर सनौदा चांदवर निवासी 53 वर्षीय करन राजमिस्त्री थे। परिवार में पत्नी विनीता व तीन बच्चे मनीषा, आशीष व सूरज हैं। परिजनों ने बताया कि वह परिवार समेत दो माह से मकड़ीखेड़ा में निर्माणाधीन मकान में रह रहे थे। शनिवार सुबह करन दीवार की तराई कर रहे थे, तभी बिजली के तार से करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आकर वह बेहोश होकर गिर पड़े। यह देख मकान मालिक व परिजन तत्काल उन्हें हैलट ले गए, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पांच यूट्यूबरों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई

## नौबस्ता पुलिस ने रंगदारी समेत अन्य आरोपों में की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता पुलिस ने रंगदारी के पांच यूट्यूबर आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इनमें यशोदा नगर निवासी आशीष अवस्थी को गैंग लीडर बनाया गया है, जबकि बर्रा के कर्रही निवासी प्रदीप राठौर, बर्रा विश्वबैंक के शलभ उर्फ शुलभ जायसवाल, यशोदानगर आयुष मिश्रा और जूही बारादेवी दीपक शर्मा सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस ने गैंग्स्टर के आरोपी दीपक शर्मा उर्फ दीपू को जेल भेजा है।

डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह की ओर से आरोपी यूट्यूबर के खिलाफ शनिवार को गैंग्स्टर की कार्रवाई की गई है। गैंग का सरगना आशीष अवस्थी है, इनमें से एक आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को साकेत नगर स्थित एक इंटर कालेज के पास से पकड़ा गया। उसके खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, रंगदारी मांगने की धाराओं में नौबस्ता व किदवईनगर में रिपोर्ट दर्ज है। ट्रांसपोर्ट कारोबारी मोहित बाजपेयी ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों पर जिलाबदर की भी कार्रवाई हो चुकी है।

### 25 हजार का इनामी केबल चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** किदवईनगर पुलिस ने केबल चोरी के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी सरवर आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी को गाजियाबाद के कौशांबी क्षेत्र से पकड़ा गया। थानाप्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि सरवर आलम मूलरूप से बिहार के अररिया के सोनगरा बारहा पिपरा का निवासी है। आठ अक्टूबर को पुलिस ने उसे और उसके साथियों इसराइल, अरमान, मो. रिहान, मो. साबिर, विकास सिंह, गौरव बाजपेयी, सरताज, सरवर आलम और शमशेर उर्फ लाला को केबल चोरी करते टोका था। इस दौरान सरवर आलम और शमशेर उर्फ लाला मौके से फरार हो गए थे, जबकि अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अक्टूबर माह में ही किदवई नगर ओ-ब्लॉक में हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने शमशेर उर्फ लाला को दबोचा था, लेकिन सरवर फिर बच निकला था। उसकी तलाश में जुटी टीम ने शुक्रवार को गाजियाबाद के कौशांबी स्थित हसनपुर भौवापुर की झुग्गी-झोपड़ी से उसे गिरफ्तार किया।

### भगदड़ में घायल युवक की मौत पर हंगामा

**कल्याणपुर।** कावड़ यात्रा के दौरान मची भगदड़ में घायल युवक की कल्याणपुर के निजी अस्पताल में रविवार मौत हो गई। परिजनों ने उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया और शव पोस्टमार्टम भेजा। कानपुर देहात के शिवली हरदिया नाल निवासी 38 वर्षीय मुलायम सिंह यादव बीते गुरुवार को कांवर लेकर निकले थे। चौबेपुर के समीप कांवड़ यात्रा में अचानक भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसमें दबने से मुलायम की पसलियों में गंभीर चोट आ गई। जिसपर उन्हें कल्याणपुर खुर्द स्थित गणेश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने जब अस्पताल प्रबंधन से मरीज को रेफर करने की बात कही तो ड्यूटी डॉक्टर ने बेहतर इलाज का हवाला देकर उन्हें रोक दिया। वही रविवार को मुलायम ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने हंगामा करना शुरु कर दिया।



ढोल-मंजीरा लेकर कूडे के ढेर के पास प्रदर्शन करते क्षेत्र के लोग। अमृत विचार

# ढोल-मंजीरे संग महापौर होश में आओ के लगे नारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वार्ड 72 में क्षेत्र के लोगों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** दबौली वेस्ट वार्ड नंबर 72 में पूर्व पार्षद जेपी पाल के नेतृत्व में क्षेत्र की जनता रविवार को ढोल व मंजीरा लेकर सड़कों पर उतरी। वार्ड में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से आक्रोशित लोगों ने महापौर, विधायक और क्षेत्रीय पार्षद के खिलाफ लाल तख्तियां लेकर जमकर प्रदर्शन किया। महापौर होश में आओ व नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ नारे लगाए।

लोगों का कहना है कि कई साल से क्षेत्र के लोग सीवर भराव व जलभराव की समस्या से जूझ रहे है। बारिश के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। यहां की सड़कें भी खराब है, जिनपर पैदल तक चलना दूभर है। इस वजह से क्षेत्र के हजारों लोग परेशान हैं। इस दौरान अनुराग पाल, मंजू वर्मा, रवींद्र यादव, लक्ष्मी, गुड्डी सिंह, शिवकुमार, वंदना, रिंकी, अन्नू पांडेय और दीपक शर्मा समेत अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# मक्का-मदीना में सरकार का अस्थायी हॉस्पिटल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हज के दौरान पैगंबर मोहम्मद साहब के रौजे पर अदब के साथ दरुद पेश करें
- हज आजमीन ओआरएस का पानी खूब पियें, जरूरी दवाएं अपने साथ रखें

**अमृत विचार।** इस बार मई के महीने में हज होगा, ऐसे में आजमीन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत से हज पर जाने वाले आजमीन के लिए केंद्र सरकार द्वारा मक्का एवं मदीना में निःशुल्क अस्थाई हॉस्पिटल मौजूद रहेगा।

रविवार को तंजीम खुद्दाम आजमीन-ए-हज की ओर से गरीब नवाज हॉल बासमंडी में आयोजित प्रशिक्षण कैंप में ये बातें आजमीन को बताई गई। काजी फैजान अली एडवोकेट ने कुरआन-पाक की तिलावत की। मुफ्ती मोहम्मद मोआज ने कहा कि मदीना मुनव्वरा में पैगंबर मोहम्मद साहब के रौजे पर जाएं तो अदब-ओ-अहतराम के साथ दरुद पाक का नजराना पेश करें। रियाजुल जनना (जन्नत का हिस्सा) में नमाज अदा करने की कोशिश करें। डॉ. जफर अकबर ने आजमीन को हिदायत दी कि वहां की गर्मी के लिहाज से ओआरएस और पानी खूब पिएं। हज कमेटी ऑफ इंडिया से जो फर्स्ट एड बॉक्स मिलेगा, उसे हमेशा अपने साथ रखें। अधिक तबीयत खराब होने पर भारतीय हॉस्पिटल जो मदीना और मक्के में भारत सरकार द्वारा निःशुल्क बनाए गए हैं वहां तुरन्त डॉ.से चेकअप कराएं।

मुफ्ती हिफजुर्रहमान कासिमी खादिमुल हुज्जाज सरदार अहमद खान, मोहम्मद हमीदुल्ला ने आजमीने हज का इस्तकबाल किया। मोहम्मद शकील, नफीस खान एवं हज ट्रेनर आतिफ सिद्दीकी व मोहम्मद इरफान ने आजमीन को वैक्सीनेशन लगवाने के लिए टोकन दिए। गरीब नवाज हॉल ही में 10 फरवरी को आजमीन का टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर तौसीफ अहमद, अब्दुल हई हाशमी, आदिल सिद्दीकी, मोहम्मद नुजैम, कमाल अहमद, मोहम्मद इमरान आदि मौजूद रहे।



गरीब नवाज हॉल में हज आजमीन को प्रशिक्षण दिया गया। अमृत विचार

### बीमारी से परेशान महिला ने जान दी

**कानपुर।** बर्रा में आंतों में इंफेक्शन की बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कचहरी से लौटे अधिवक्ता बेटे ने मां के कमरे में झांका तो शव फंदे से लटका देखा। चीख-पुकार पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

अस्सी फिट रोड निवासी अधिवक्ता कैलाश नाथ कटियार के परिवार में 76 वर्षीय पत्नी विनयलता व दो बेटे आलोक, अजीत हैं। अधिवक्ता आलोक ने बताया कि मां आंतों में इंफेक्शन की समस्या से पीड़ित थीं। जिसका करीब पांच साल से इलाज चल रहा था। लगातार इलाज से कोई फायदा न होने से वह दवा खाने से कतराने लगीं थीं। शनिवार वह और पिता कोर्ट गए थे, उनकी पत्नी अमिता अपने छोटे भाई को देखने अस्पताल गई थीं। अजीत भी घर पर नहीं था। इस दौरान घर पर मां अकेली थीं। मां ने कमरे का दरवाजा भी अंदर से बंद कर लिया और साड़ी से पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली।

# लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बहन ने कहा, पूजा-पाठ करने पर पीटता था पति, तीन दिन से कर रहा था कलह
- मायके पक्ष को आठ घंटे बाद मिली घटना की जानकारी, पुलिस ने की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** बर्रा में संदिग्ध हालात में विवाहित का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि नशेबाज पति शराब पीकर उसे पीटता था। हत्या का आरोप लगाया है। घरवालों के अनुसार पूजा-पाठ करने पर पति मारपीट करता था। मंदिर नहीं जाने देता था। इसी सप्ताह महिला ने बागेश्वर धाम जाने की इच्छा जताई तो कई दिन से कलह करने लगा था।



श्रेयादेवी।

मूलरूप से कानपुर देहात के गजनेर गोगूमऊ निवासी नरेंद्र प्राइवेट नौकरी करता है। परिवार में 27 वर्षीय पत्नी श्रेयादेवी व एक बेटी नैना है। मौजूदा समय में नरेंद्र बर्रा के कर्रही में किराए पर रहता है। पति के अनुसार शनिवार सुबह वह बेटी को स्कूल छोड़ने गए थे। इस बीच पत्नी घर पर अकेली थी, तभी उसने फांसी लगा ली। भिंड निवासी बड़ी बहन सोनक ने बताया कि श्रेयादेवी की 12 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद ही ससुरालीजन उसे परेशान करने लगे थे, इस कारण वह बर्रा में आकर रहने लगी थी। शराब का लती होने के कारण पति नरेंद्र उसे आएदिन प्रताड़ित करता था। उसे पूजा-पाठ नहीं करने देता था। इसकी जानकारी श्रेयादेवी ने उसे फोन पर दी थी। उन्होंने बताया कि श्रेया बागेश्वर महिला मंडल कानपुर की अध्यक्ष थीं। बागेश्वर धाम में 300 लड़कियों का सामूहिक विवाह समारोह है। जहां उसे 11 फरवरी को जाना था। यह बात बताने पर पति नरेंद्र उसे प्रताड़ित करने लगा था। तीन दिन से लगातार शराब पीकर मारपीट कर रहा था। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे की घटना है और नरेंद्र ने उसके कमरे से करीब एक किमी दूरी रहने वाली उनकी सबसे छोटी बहन सुहानी को इसकी जानकारी नहीं दी। उन्हें पुलिस से घटना का पता आठ घंटे बाद शाम को चला है। सोनम ने बहन के पति पर हत्या का आरोप लगाया है। बर्रा पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### टेंट कारोबारी ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** नौबस्ता में शराब के लती टेंट हाउस संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नौबस्ता के केसरबिहार गली निवासी 43 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह भदौरिया टेंट कारोबारी थे। परिवार में पत्नी सुधादेवी, बेटी सुनाली व बेटा सागर है। सागर ने बताया कि पिता शराब के लती थे, जिस कारण आएदिन घर में विवाद होता था। शनिवार को भी पिता शराब पीकर घर आए और तीसरे खंड पर चले गए। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। बाद में बहन काम से ऊपर कमरे में गई तो पापा का शव फंदे से लटका पाया। उसी चीख सुनकर परिजन पहुंचे और पुलिस को खबर दी। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजा।



अवध बिहारी मिश्र का सम्मान करते डॉ. विकास शुक्ला।

### जातीय भेदभाव से दूर रहें

**कानपुर।** सनातन परिवार द्वारा सुदामा पार्क नवीन नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में जातीय भेदभाव मिटाने पर बदल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति के सम्मान के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। जाति का भेदभाव मिटाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. विकास शुक्ला, डा. सुधींद्र जैन, अवध बिहारी मिश्र, डा. सुरेश अवस्थी, डॉ. बीना उदय, आरपीएस चौहान, अखिलेश पांडेय, दिनेश भाटिया, डॉ. मनप्रीत सिंह आदि रहे।

# युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जबरदस्त टक्कर मार दी। उछलकर दूर गिरे युवक को भागने के प्रयास में ट्रक ने कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई।



अमित बाल्मीकि।

संजयनगर कॉलोनी निवासी साजन बाल्मीकि प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में दो बेटियां शिवानी, किरण व बेटा आशीष और 25 वर्षीय अमित था। पिता ने बताया कि बेटा अमित भी प्राइवेट नौकरी करता था। शनिवार सुबह दस बजे वह काम पर गया था। देर रात वह ऑफिस से घर आ रहा था, तभी नौबस्ता के पशुपतिनाथ चौराहा पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अमित उछलकर दूर जा गिरा। हादसा देखकर ट्रक चालक ने गति और तेज कर दी। भागने के प्रयास में बेटे को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

### सचेंडी में दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**कानपुर।** सचेंडी में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रामपुर भीमसेन निवासी 20 वर्षीय अभय यादव एक ऑनलाइन कंपनी में डिलीवरी का काम करता था। परिवार में पिता जय सिंह, मां कमलेश, बहन मुस्कान हैं। परिजनों के अनुसार शनिवार रात अभय सामान की डिलीवरी कर भौंती भीमसेन रोड पर भैलामऊ के पास पहुंचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में सिर पर गंभीर चोट लगने से अभय की मौके पर ही मौत हो गई। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी बाइक सवार उसके गांव का ही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनटे मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

# सनातन धर्म के उत्थान के लिए एकजुटता रखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर भर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। सनातन धर्म के उत्थान के लिए हिंदू समाज की एकजुटता पर बल दिया गया।

लाजपत नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में की अध्यक्षता स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक ने की। मुख्य अतिथि एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हमें एकजुट होकर कार्य करना है। उन्होंने हिंदुओं को साथ में रहते हुए सामाजिक समरसता, स्वदेशी भावना, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य पर अमल करते हुए राष्ट्र हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अजीत, डॉ. विभा शुक्ला, उपेंद्र त्रिपाठी, अजीत गुप्ता, अवनीश मिश्रा, केशव बाजपेई, शुभंकर तिवारी, संजय अवस्थी, महेंद्र सिंह यादव, शिवम अवस्थी, सुशील मिश्रा, बबली पांडेय आदि रहे।

### टेंपो में बैठे युवक की जेब काटकर उड़ाये रुपये

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के बारीगांव के पास टेंपो में बैठे युवक की एक जेबकतरे ने जेब काटकर दस हजार रुपये पार कर दिये। इसके बाद टेंपो से कूदकर बाइक सवार साथी के साथ भाग गया।

वहीं पीड़ित द्वारा मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। साढ़ थाना के कुम्हऊपुर गांव निवासी कालीदीन कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह रविवार सुबह टेंपो से कानपुर जा रहा था तभी बगल में बैठे एक युवक ने जेब काटकर दस हजार रुपये पार कर दिये और सेंट्रल बैंक के पास टेंपो से कूदकर बाइक सवार साथी के साथ भाग गया। चौकी इंचार्ज गगन मिश्रा ने बताया कि जानकारी मिली है मामले की जांच की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**सलाह** | रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने विश्व कैंसर दिवस पर स्ट्रॉन्गर दैन कैंसर कार्यक्रम किया आयोजित

# भावनात्मक सहारा, आत्मविश्वास से कैंसर रोगी मजबूत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंसर देखभाल को मात्र इलाज के तौर पर नहीं, बल्कि एक यात्रा के तौर पर देखा जाना चाहिए। इलाज से हो सकता है कि बीमारी ठीक हो जाए लेकिन सर्वाइवरशिप से मरीजों को जिंदगी में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलती है। स्ट्रॉन्गर दैन कैंसर जैसी पहल से मरीजों को सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि इलाज के बाद में नियमित चेकअप, भावनात्मक सहारा और लगातार संपर्क की भी जरूरत होती है। इससे कैंसर से ठीक हो चुके लोग दोबारा आत्मविश्वास के साथ अपनी जिंदगी को आगे बढ़ा पाते हैं। यह जानकारी रीजेंसी हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने दी।

कमला नगर स्थित गौर हरि सिंघानियां इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने विश्व कैंसर दिवस पर सर्वाइवर नेतृत्व वाली सामुदायिक पहल स्ट्रॉन्गर दैन कैंसर का आयोजन किया। स्ट्रॉन्गर दैन कैंसर के साथ कैंसर सर्वाइवर्स को एक साथ लाया गया। कैंसर के बाद जिंदगी जीने में आने वाली कठिनाइयों व चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यक्रम में पेंटिंग जोन पर सर्वाइवर्स ने कला के जरिए अपनी कहानियां बयां की। ओपन माइक जोन में संगीत, कविता और पर्सनल स्टोरीटेलिंग से सर्वाइवर ने अनुभव साझा किए। मनोरंजन वाली एक्टिविटी के जोन कार्यक्रम में भागीदारी और सेलिब्रेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए। सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डायरेक्टर डॉ.अभिमन्यु कपूर ने बताया कि इस गैर लाभकारी कार्यक्रम में कैंसर सर्वाइवर, देखभाल करने वाले, ऑन्कोलॉजी मरीज, हेल्थकेयर प्रोफेशनल, सपोर्ट ग्रुप और स्थानीय ओपिनियन लीडर एक साथ आएं। ताकि चिकित्सा देखभाल के अलावा सर्वाइवरशिप और उनके अनुभवों को समझा जा सके। इस दौरान डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ.विकास तलरेजा, डॉ.आशीष राज कुलश्रेष्ठ, डॉ.जितिन यादव, डॉ. अभिषेक तिवारी रहे।



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते डॉक्टर्स। अमृत विचार

### 2040 तक कैंसर के मामले और बढ़ने का अनुमान

ऑन्कोलॉजी टीम के मुताबिक भारत में कैंसर के मामले 2040 तक 2.08 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। इसीलिए इलाज के बाद की जिंदगी पर ध्यान देना और भी जरूरी हो गया है। बीमारी से रिकवरी की ओर सोच बदलकर, स्ट्रॉन्गर दैन कैंसर ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वाइवरशिप सिर्फ सफल इलाज से ही तय नहीं होती, बल्कि कैंसर के बाद आत्मविश्वास, मकसद और जिंदगी की गुणवत्ता को दोबारा बनाने की क्षमता से भी तय होती है।

## सिटी ब्रीफ

### एक हजार को नौकरी

**कानपुर।** सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार मेलों की तैयारी कर ली गई है। महाविद्यालयों से अलग अब रोजगार मेले सेवायोजन कार्यालय व आईटीआई परिसर में आयोजित किए जाएंगे। मेलों में लगभग 1 हजार युवाओं को नौकरी दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 15 से तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

### आज से शुरू होगी प्रदर्शनी

**कानपुर।** बृजेंद्र स्वरूप पार्क में लगने वाली खादी व हस्तशिल्प प्रदर्शनी सोमवार से शुरू होगी। प्रदर्शनी में सौ स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें 10 स्टॉल महिला उद्यमियों के होंगे। प्रदर्शनी में इस बार काली माटी के उत्पाद विशेष स्रूप से लाए जा रहे हैं।

# ओहदों के लिए रायशुमारी जारी, नए चेहरों की बारी!

विशेष संवाददाता, कानपुर

- भाजपा की प्रदेश और जिला कमेटियों के साथ प्रकोष्ठों और आयोगों के भी गठन के लिए होमवर्क पूरा, फरवरी के अंत तक घोषणा संभव, यूजीसी विवाद के बाद नए सिरे से बनाई जा रही हैं लिस्ट

**दावेदारों को ओहदे नहीं**

- सूत्र बताते हैं कि जो विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदार हैं, उन्हें संगठन में कोई ओहदा नहीं दिया जाएगा। चर्चा यह भी है कि किसी विधायक को संगठन में मौका मिल सकता है। पार्टी के कद्दावर स्थानीय नेताओं के राजनीतिक उत्तराधिकारीयों को समायोजित किया जा सकता है। इसमें नेताओं के पुत्र या पुत्री भी हो सकते हैं।

**अमृत विचार।** लंबे इंतज़ार के बाद अब भाजपा की जिला और प्रदेश कमेटियों के साथ प्रकोष्ठ और आयोगों के गठन के लिए पार्टी ने होमवर्क पूरा कर लिया है। अब पार्टी पर्यवेक्षक समीक्षा और मशविरा कर रहे हैं। फरवरी के अंत तक घोषणा हो सकती है।

कानपुर जिले के तीनों जिलाध्यक्ष तो दो बार बदल गए, लेकिन इनकी टीम अभी तक नहीं बन सकी। यही हाल प्रदेश और क्षेत्रीय कमेटियों का भी है। न तो पार्षदों का मनोनयन हुआ, न ही प्रकोष्ठ बने और न ही आयोगों का गठन हुआ। ओहदों के लिए पार्टी और नेताओं के जयकारे लगा रहे कार्यकर्ताओं का सब्र जवाब दे रहा है। सिफारिशी घोड़े दौड़-दौड़ कर थक गए हैं। पद के लिए बेचैन नेता और कार्यकर्त्ता अपने आकाओं की चौखट पर रोज पहुंचते, उनके आदेश पर तन, मन और धन से काम में जुट जाते और फिर आश्वासन की पोटली थामकर वापस आ जाते हैं।

अब इंतज़ार की घड़ियां ख़त्म होने को हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत को पर्यवेक्षक बनाया गया है और वह संगठन विस्तार के लिए विचार विमर्श कर रहे हैं। नए प्रदेश अध्यक्ष के चार्ज लेने के बाद संगठन विस्तार की फाइल लगभग पूरी हो गई है, ताकि 2027 की तैयारी मुकम्मल की जा सके। सूत्र बताते हैं कि जिला कमेटियों का गठन कर नाम की लिस्ट प्रदेश नेतृत्व को भिजवा दी गई थी, लेकिन यूजीसी विवाद के बाद इसमें बदलाव किया जा सकता है। प्रदेश कमेटी में भी कानपुर से दो-तीन नेताओं को जिम्मेदारी मिल सकती है। जिला कमेटियों में मंडलों के कुछ पूर्व पदाधिकारियों को समायोजित किया जा सकता है। इस बार 40 से 60 तक उम्र वालों को ज्यादा मौका दिया जाएगा। यूजीसी और "घूसखोर पंडत" फ़िल्म को लेकर विवाद और उबाल के बाद जातीय संतुलन भी बनाया जा रहा है। अब डैमेज कंट्रोल के मद्देनज़र कमेटियों में फेरबदल हो सकता है। पार्टी के कार्यक्रमों में भागेदारी, वफ़ादारी, निष्ठा और क्षमता ओहदे का पैमाना होगा। सांसद, विधायक और अध्यक्ष की सिफारिश पर भी खास गौर किया जाएगा। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इस बार ज्यादातर चेहरे नए होंगे। जमीनी स्तर पर मजबूत और बेहद सक्रिय कार्यकर्ताओं को खास तरजीह दी गई है। लिस्ट लगभग तैयार है और इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।



वरिष्ठ प्रचारक से भेंट करते मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक अमृत विचार

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने लिया गुरु मंत्र

**कानपुर।** आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक संजय विनायक जोशी से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, कानपुर प्रांत के संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने भेंट की। उनसे गुरु मंत्र लिया।रविवार को केशव भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक संजय विनायक जोशी से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों पर सकारात्मक एवं चर्चा हुई। जोशी ने समाज में भाईचारा, एकता और राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य करने का संदेश दिया। सिद्दीकी ने कहा कि उनका मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# देश का बजट विकास का रोडमैप : नंद गोपाल नंदी

## भाजपा क्षेत्रीय व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से की गई बजट पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से रविवार को बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान व्यापारियों ने बजट से संबंधित विचार रखे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी भी मौजूद रहे। उन्होंने बजट को विकास का रोडमैप व दूरदर्शी बजट बताया।

ज्ञान भारती महिला विद्यालय बिरहाना रोड में हुए कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस, प्रभावी एवं दूरदर्शी रोडमैप है। वित्त मंत्री ने हर वर्ग और हर सेक्टर को ध्यान में रखते हुए बजट का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की खुशहाली, समृद्धि और जीवन स्तर में सुधार की गारंटी है। इससे देश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी तथा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति मिलेगी। यह बजट आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और स्वदेशी अभियानों को मजबूती देने वाला है।



मंत्री नंद गोपाल का स्वागत किया गया। अमृत विचार

- कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया दूरदर्शी बजट

इसके साथ ही स्टार्टअप, एमएसएमई और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक आर्थिक संबल प्रदान करता है। कार्यक्रम में बजट पर चर्चा की अध्यक्षता व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने की। संचालन पारस अवस्थी ने किया।

इस दौरान भाजपा कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, विजय पंडित, अरविंद चतुर्वेदी, किशन स्वरूप मिश्रा, श्याम मोहन दुबे, शेष नारायण त्रिवेदी, पंकज अरोड़ा, रोशन लाल अरोड़ा व मुकुल वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# अब मतदाता सूची में 7 मार्च तक नाम जुड़वाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिन लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं कराया है, उनके लिए सुनहरा मौका है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 घोषित थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया गया है। अब आप अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के पूर्व में घोषित कार्यक्रम में संशोधन किया गया है जिसके अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। नामांकन प्रपत्रों पर निर्णय एवं दावे-आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही 06 जनवरी 2026 से 27 मार्च 2026 तक की जाएगी। स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच 03 अप्रैल 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु प्रारूप-6 घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) के साथ, नाम विलोपन के लिए प्रारूप-7, किसी प्रविष्टि में त्रुटि सुधार, पता परिवर्तन एवं डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र हेतु प्रारूप-8 घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) के साथ भरकर दिनांक 06 मार्च 2026 तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय या संबंधित भाग संख्या के बीएलओ को प्रस्तुत किया जा सकता है।

**यदि 18 वर्ष के हो गए तो मतदाता बनें**

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वे सभी व्यक्ति पात्र होंगे जो अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026, 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 तथा 01 अक्टूबर 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। ऐसे सभी पात्र मतदाताओं से प्रारूप-6 घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) के साथ आवेदन प्राप्त कर नियमविहित प्रक्रिया के अनुसार उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।



बजट चौपाल में मौजूद लोग। अमृत विचार

# विकसित भारत का रोडमैप दिया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोदी सरकार का बजट विकसित भारत के निर्माण का स्पष्ट रोडमैप और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की तरफ मजबूत कदम है। यह बात विधायक नीलिमा कटियार ने रविवार को कल्याणपुर_ विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय बजट-2026 को लेकर आयोजित चौपाल में कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में देश को नवाचार आधारित, उत्पादन केंद्रित और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है, और यह बजट उसी सोच का प्रतीक है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बजट के प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव से शहर तक विकास की गति तेज होगी और लोकल से ग्लोबल का संकल्प साकार होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद पवन पांडे, आनंद शुक्ला, धीरू त्रिपाठी, राम नारायण गौतम, राज किशोर यादव उपस्थित रहे।




चौपाल को संबोधित करतीं विधायक नीलिमा कटियार। अमृत विचार



स्कूल का उद्घाटन करते मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

## किडजी जूही प्रीस्कूल की शुरुआत

**कानपुर।** बच्चों के लिए जी नेटवर्क ग्रुप की किडजी प्रीस्कूल की शुरुआत जूहीडिपो विनोबा नगर हुई। स्कूल के डाइरेक्टर पृणव सिंह व आकांक्षा सिंह ने बताया अब छोटे बच्चों के लिए प्रसिद्ध किडजी प्रीस्कूल की शाखा शुरु हुई।

जहां पर 2 वर्ष के बच्चों को प्ले ग्रुप में में खेल खेल के माध्यम से उनको शिक्षा के बारे में बताया जाएगा। मंत्री राकेश सचान ने प्री स्कूल की शुरुआत की। किडजी प्री स्कूल में बच्चों के लिए खिलौने, प्लेइंग एरिया एवं अत्याधुनिक शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। कार्यक्रम में संध्या सिंह, संजय सिंह, योगेश सचान, सौरभ सचान मौजूद रहे

# समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लक्ष्मीपुरवा मलिन बस्ती में कांग्रेस ने चौपाल लगाई और कहा कि मलिन बस्ती की समस्याओं जैसे सीवर, पानी, टूटी सड़कें, गंदगी के लिए संघर्ष करेंगी। नेताओं ने कहा कि बापू का नाम मनरेगा से हटाना उनकी विचारधारा पर हमला है, जिसे देश कभी स्वीकार नहीं करेगा।

रविवार को कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मलिन बस्तीवासियों की समस्याओं को जानने एवं मनरेगा से बापू का नाम हटाने और मजदूरों के अधिकार से समझौते के विरोध में चौपाल लगाई गई। अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीबी नहीं बल्कि गरीबों की रोजी रोटी ही छीनना चाहती है। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों से किए जा रहे समझौते की भी निंदा की। कार्यक्रम संयोजक राम आसरे पाल रहे जबकि संचालन विजय सिंह ने किया। हर प्रकाश अग्निहोत्री, आलोक मिश्रा, कॉर्डिनेटर आनंद प्रकाश वर्मा, सैमुअल लकी सिंह, सुरेश बख्शी, राम दौर सविता रितेश यादव, मदन गोपाल राखरा, वीरेंद्र चतुर्वेदी, राज किशोर वर्मा, जय शंकर द्विवेदी, पदम् मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, अजय श्रीवास्तव कंचन लता आदि मौजूद रहे।

- मनरेगा से बापू का नाम हटाना उनकी विचारधारा पर हमला

# 25 छात्र-छात्राएं और खेल प्रतिभाएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोतीझील स्थित महर्षि वाल्मीकि उपवन में केंद्रीय मेला कमेटी के 29 वें सम्मान समारोह में बीटेक, बीएससी, एमटेक, नीट जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले 25 छात्र-छात्राओं और खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर प्रमिला पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उसके उपरांत छात्र-छात्राओं, खेल प्रतिभाओं और समाजसेवा से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम में चयनित प्रीति हजरिया को विशेष रूप से सम्मान हुआ। वक्ताओं ने कहा कि समाज के बच्चों को आगे बढ़ने के लिए अवसर मिलना चाहिए और प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। बच्चों की सफलता से परिवार, समाज और शहर का नाम रोशन होता है।




समारोह का उद्घाटन करतीं महापौर और अन्य अतिथि। अमृत विचार

- केंद्रीय मेला कमेटी का 29 वां सम्मान समारोह

कार्यक्रम में आलोक मिश्रा ने कहा कि गरीब बच्चों को उनके स्कूल में निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। कमेटी के संरक्षक प्रकाश हजरिया ने नगर निगम से विवाह कार्यक्रमों के लिए लॉन नंबर दो कमेटी को दिए जाने की मांग रखी। इस पर महापौर ने समय आने पर सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य रुप से सतीश निगम (पूर्व विधायक), रामगोपाल समुद्री, मुन्ना पहलवान, सुरेश भारती, मुन्ना हजरिया, श्रीकांत रामस्वरूप, बृजेंद्र मकोरिया, सतीश वाल्मीकि, सुनील लोहिया, सत्य नारायण गहरवार, विनय सेन, कैलाश मुंगेर, प्रेमा देवी, शिवा पांडे, दिनेश सुदर्शन, धनीराम बौद्ध, राजेश तिलकधारी, नौशाद आलम, मंसूरी मोहम्मद शारिक, सिद्दीकी बबलू खांटे, राधेश्याम भारती सहित बड़ी संख्या में रहे।



स्वीट एंजेल्स स्कूल में विदाई समारोह। अमृत विचार

## स्कूल में विदाई समारोह मनाया

**कानपुर।** स्वीट एंजेल्स इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में क्लास 12 के बच्चों को फेयरवेल पार्टी दी गई। सायोनारा थीम पर हुए आयोजन में बच्चों को कड़ी मेहतन व अनुशासन का गुरुमंत्र दिया गया। इस दौरान बच्चों को मोमेंटो भी दिए गए। अंश मिश्रा व दीपान्जली चन्द्रा को पुरस्कृत किया गया। शिवानी निवारी, रितिक गौतम, श्रद्धा शमी, आराध्या पाल, नूपुर मिश्रा को विशेष पुरस्कार हासिल हुआ। चेयरमैनआलोक कुमार ने इस दौरान बच्चों को संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## जोड़ों के दर्द पर जागरूकता कार्यक्रम

**कानपुर।** प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति ने रविवार को "जोड़ों के दर्द पर जागरूकता कार्यक्रम तथा निःशुल्क मेडिकल कैंप" का आयोजन पैराशूट सदन, फूलबाग में किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ सौरभ चावला ने वरिष्ठजनों में जोड़ों के दर्द के कारण और निवारण पर प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी की। फ्री मेडिकल कैम्प में हड्डियों और रक्तचाप की जांच सहित अन्य जांचें की गईं। अध्यक्ष सुरेश कुमार सचान ने समिति की कल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन उदय प्रताप सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन छबिलाल यादव ने किया।

बाजार

चांदी महंगी होने के चलते ब्रिटिशकालीन सिक्कों के विक्रेता हुए निराश

# चांदी के पुराने विक्टोरिया सिक्कों का कम हुआ रेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आजादी के पहले के पुराने विक्टोरिया फोटो के चांदी के सिक्कों का रेट बाजार में कम हो गया है। हालात यह है कि यदि इन पुराने सिक्कों को कोई बाजार में बेचने आता है तो उसे प्रीमियम से भी कम रेट पर यह सिक्के बेचने होंगे। हालात यह है कि चांदी के रेट में परिवर्तन होने के चलते यह सिक्के अपनी शुद्धता से भी कम प्रतिशत में व्यापारियों की ओर से खरीदे जा रहे हैं। पुराने सिक्कों को एकत्र करने वालों को निराश हाथ लगी है।

चांदी की कीमत बढ़ने पर घरों में रखी पुरानी चांदी बाजार तक पहुंच रही है। लोग अपने दादा व परदारा के जमाने की चांदी बाजार में बेच रहे हैं। इनमें सबसे अधिक विक्टोरिया की फोटो लगी चांदी के पुराने सिक्कों की आमद हैं। सहागल आते ही बाजार में इन वुराने सिक्कों को लेकर लोग पहुंचने लगे हैं। कई मामलों में इन सिक्कों को बेचकर वे नई चांदी में परिवर्तित करा रहे हैं। नतीजा यह हो रहा है कि इन सिक्कों का प्रीमियम अब बाजार में खत्म हो गया है। सिक्के पुराने होने के बावजूद यह सिक्के अपनी शुद्धता प्योरिटी प्रतिशत 91.60 से कम 90 प्रतिशत पर व्यापारियों की ओर से खरीदी जा रही है। इसके उलट यदि चांदी के बढ़े हुए रेट के बीच कोई आम खरीदार इन सिक्कों को बाजार में खरीदने जा रहा है तो उसे प्रीमियम से कुछ छूट के बाद सिक्कों का पूरा मूल्य देना पड़ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि ऐसा बाजार में पहली बार हो रहा है। इसकी वजह बाजार में चांदी की कीमत और रोजाना भाव में अंतर को मान रहे है। कारोबारियों ने यह भी बताया कि इस वक्त चांदी का बाजार पुरी तरह से अनिश्चित हो गया है। बाजार में ऐसा पहली बार हुआ है जब पुरानी चांदी की खरीद व बेचने पर रेट का अनुमान रोजाना बदल रहा है।




चांदी के पुराने सिक्के।




विक्टोरिया सिक्का। अमृत विचार

**पहले होता था प्रीमियम**

- बाजार में चांदी के भाव में उठापटक के पहले यह सिक्के अपनी लागत से अधिक मूल्य में बेचे व खरीदे जाते थे। इसकी वजह इन सिक्कों का एंटीक होना माना जाता था। इसी बढ़े हुए रेट को इन सिक्कों का प्रीमियम कहा जाता था। अब बाजार में यह स्थिति बनने के बाद इन सिक्कों का कलेक्शन करने वाले सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

"भाव में तेजी के बीच चांदी के अंग्रेजों के जमाने के सिक्कों की बाजार में प्रीमियम व शुद्धता से कम रेट पर खरीदी हो रही है। स्थिति यह है कि व्यापारी इन सिक्कों को लेकर काफी अनिश्चित है। इस स्थिति के बनने के बाद बाजार में भी अनिश्चितता का माहौल बन गया है।

-पं. आशू शर्मा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन



## सिटी ब्रीफ

### वार्ड 51 में समस्याएं ही समस्याएं

**कानपुर।** वार्ड 51 बर्रा में महापौर प्रमिला पांडेय ने शिविर लगाकर जनता की समस्या सुनीं। शिविर में लोगों बताया कि क्षेत्र में सड़कें टूटी है, सीवर लाइन नहीं है और पेयजल का संकट है। क्षेत्र में कूड़ाघर तक नहीं है। ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से जरा सी बारिश में क्षेत्र में पानी भर जाता है। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि पार्कों को कब्जेदारों से खाली कराया जाए।

### खुदाई से गई बिजली

**कानपुर।** पराग डेरी उपकेंद्र के कच्ची बस्ती की बिजली रविवार दोपहर तीन बजे जेसीबी से खुदाई के कारण भूमिगत केबिल क्षतिग्रस्त होने की वजह से गुल हो गई। जानकारी पर पहुंची केस्को टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया, तब जाकर छह बजे बिजली आई। भूमिगत केबिल में फाल्ट से भगवतदास घाट में दोपहर 12 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक बिजली गुल रही।

### गुल रहेगी बिजली

**कानपुर।** यादव मार्केट, रामजानकी, नवीन नगर एल ब्लाक, मिलेट्री कैंप में बिजली सुबह 10 बजे से शाम को पांच बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा शास्त्री नगर, आर्य नगर, ग्वालटोली, ईदगाह, खलासी लाइन, अजीतगंज, सेंटल पार्क में बिजली सुबह 11 बजे से शाम को चार बजे तक गुल रहेगी। केस्को टीम इन जगहों पर जरूरी कार्य करेगी।

# जिंदगी भर साथ निभाने का वादा किया

## फिजूलखर्ची रोकने के लिए श्री अग्रसेन सेवा समिति की पहल, 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया



डीएवी लॉन में सामूहिक विवाह समारोह हुआ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीवनभर साथ निभाने के लिए 11 जोड़ों ने मंत्रोच्चारण के बीच फेरे लिए। इस सामूहिक विवाह का उद्देश्य विवाह एवं अन्य रस्मों में होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने का संदेश देना है।

रविवार को श्री अग्रसेन सेवा समिति का द्वादश सामूहिक विवाह का आयोजन डीएवी लॉन, सिविल लाइंस, में भारी संख्या में अग्र-समाज के स्व-जातीय बन्धुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समिति द्वारा 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वन्दना आरती से प्रारम्भ हुआ। विदाई के अवसर पर समिति द्वारा नवदम्पत्तियों को दैनिक उपयोग की वस्तुयें प्रदान की गयीं।कार्यकम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने आयोजन को प्रेरणादायक बताया।

स्वागताध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने विचार रखे। प्रमुख व्यवसायी राजीव अग्रवाल को वरिष्ठ सम्मान के रुप में अग्रकुल रत्न से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगा। समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्र गोयल प्रधानमंत्री दीपक कुमार अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक संदीप अग्रवाल समिति के संरक्षक महेन्द्र मोहन गुप्त, उपाध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, नरेश कुमार गर्ग, अरुण अग्रवाल, विजय सुल्तानियां, गगन अग्रवाल, मंत्री मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं अशोक कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



मंगल भवन में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

## 11 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**कानपुर।** श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा की ओर से सामूहिक विवाह समारोह हुआ। इस दौरान 11 जोड़ो ने एक दूजे का हाथ थामा। सामूहिक विवाह समारोह बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित मंगल भवन में हुआ। बैण्ड बाजे के साथ बारात आकर्षण का केंद्र रही। सभी वर एक साथ एक रंग के सूट, साफा, कलगी से सजकर मंच पर पहुंचे। वरमाला के दौरान सभी ने वर व वधु पर फूल व अक्षत अर्पित कर आशीष दिया। मंगल गीत के बीच सभी वर व वधुओं ने एक दूसरे को जयमाला पहनाई। संयोजक आलोक अग्रवाल ने बताया कि यह 29वां सामूहिक विवाह समारोह है। जिसमें कन्याओं को गृहस्थ उपयोगी वस्तुओं के साथ पंरपरागत विदाई की जाती है। गोपाल अग्रवाल, उमेश चन्द्र अग्रवाल, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, मधुप अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, विवेक गर्ग, अनुराग अग्रवाल, संजीव कुमार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विदित अग्रवाल, सरवन अग्रवाल, नरेश बाजोरिया रहे।

# सीएसजेएमयू में 12 पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस 9 फरवरी को मनाया जायेगा। विवि के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ पुरातन छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। विवि में स्थापना दिवस सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

सीएसजेएमयू में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने रविवार को इस संबंध में सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र डॉ. प्रदीप कुमार जोशी (चेयरपर्सन एनटीए, पूर्व चेयरपर्सन यूपीएससी) उपस्थित रहेंगे। सोमवार को विश्वविद्यालय में कार्यक्रमों की शुरुआत श्री विशेश्वर मंदिर में हवन-पूजन से होगी । इसके अलावा एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए 12 पुरातन छात्रों का सम्मान किया जाएगा।

### सफाई अभियान चला

सीएसजेएमयू में शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के द्वारा एक सफाई अभियान चलाया गया जिसमें विभाग के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं ने विभाग के विभिन्न खेल मैदान, क्लासरूम, पार्किंग इत्यादि जगह की साफ सफाई करने में सहभागिता दिखाई। 7 से 14 फरवरी तक विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर सप्ताह पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

### मंदिर में हुआ पूजन

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विवि परिसर के विश्वेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड का संगीतबद्ध पाठ किया गया। शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। दीन दयाल शोध केंद्र, कर्मकांड के सहायक आचार्य डॉ श्रवण कुमार द्विवेदी व संगीत विभाग से सहायक आचार्य सतीश के नेतृत्व में आचार्यों ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। कुलपति प्रोफेसर विनय. कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे इसके लिए सभी को पूरे मनोयोग से कार्य करना चाहिए। परिस्थितियां कैसी भी हो सत्य और सकारात्मक कर्म के मार्ग पर चलने की कोशिश करनी चाहिए।

# यूपी की नॉकआउट की उम्मीद जिंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



फील्डर के हाथ से कैच छूट गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क में कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में यूपी ने चंडीगढ़ पर पांच विकेट की जीत हासिल कर नॉकआउट की उम्मीदों को बरकरार रखा। स्पिनर में मददगार ग्रीनपार्क की पिच पर चंडीगढ़ ने पारी में 170 रन बनाए। जवाब में यूपी ने 260 रन बनाकर 90 रनों की बढ़त हासिल की। तीसरे दिन चंडीगढ़ की दूसरी पारी 185 रनों पर सिमट गई। यूपी ने चंडीगढ़ के 96 रनों के लक्ष्य पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर ली।

रविवार को मैच के तीसरे दिन चंडीगढ़ ने चार विकेट पर 78 रनों से आगे खेलना शुरू किया। चंडीगढ़ की ओर से कप्तान आरुष 20 रन पर विजय कुमार का शिकार हुए। देवांश को 19 रन पर विजय ने चलता किया। अधिराज चार रन पर शुभम की गेंद पर लौटे। निशंक शून्य और आर्यन दुग्गल 13 रन पर शुभम मिश्रा की गेंद पर पवेलियन गए। चंडीगढ़ की दूसरी पारी को 185 रनों पर समेटने में यूपी के गेंदबाज विजय व शुभम के चार-चार और अक्षु के दो विकेट झटके। चंडीगढ़ के 96 रनों का पीछा करते कप्तान आदर्श सिंह आठ रन पर क्लीन बोल्ड हुए। बतौर कप्तान आदर्श ने दूसरी पारी में भी निराश किया। कप्तान को पवेलियन की राह दिखाने वाले निशंक ने दूसरा शिकार पहली पारी के हीरो काव्य तेवतिया को पांच रन पर बनाया। इसके बाद सिद्धार्थ चौधरी शून्य और अली जफर मोहसिन एक रन पर जसकीरत की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। अर्जुन नौ रन पर इवराज का शिकार हुए। लगातार गिरते विकेटों के बीच रितुराज ने 63 और कार्तिकेय के 12 टीम को 33.3 ओवर में जीत दिला दी।

## हाईटेंशन लाइन का पोल झुकने से तार बने खतरा

**बिठूर।** क्षेत्र के शिवा विहार कोठी, मंधना में हाईटेंशन लाइन का पोल झुक गया है। तार काफी नीचे आ गये हैं। इससे बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी अजय, लल्ली शुक्ला, सुनील ,नरेंद्र सैनी ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों स्कूली बच्चों की गाड़ियां, दोपहिया वाहन, चार पहिया वाहन और पैदल राहगीर गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि तेज हवा या बारिश के दौरान खतरा और भी बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या की जानकारी कई बार दी जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभागीय अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

# आईएमए फाइनेंस ने साइंटिफिक को हराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




मैच में विजयी टीम। अमृत विचार

- द स्पोर्टस हब में आयोजित किया गया मैत्री क्रिकेट मैच

**अमृत विचार।** बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित द स्पोर्टस हब में रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया। मैच की शुरुआत इंडियन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. साकेत निगम व आईएमए अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने टीम के साथ की।

आईएमए साइंटिफिक व आईएमए फाइनेंस टीम के बीच बेहतरीन मुकाबला देखने को मिला, आईएमए साइंटिफिक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में आठ विकेट खोकर 165 रन बनाए। टीम से डॉ. सौरभ ने 53 रन, अभिनव सेंगर ने 26 रन व दीपक श्रीवास्तव ने 14 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईएमए फाइनेंस टीम ने 24.3 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में राघव रस्तोगी की 56 रनों की पारी निर्णायक रही। वहीं, डॉ. विकास श्रीवास्तव ने केवल सात गेंदों पर 20 रन बनाकर मैच को रोमांचक अंदाज में समाप्त किया। मेन ऑफ द मैच डॉ. राघव रस्तोगी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज डॉ. अनिकेत त्रिपाठी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज डॉ. सौरभ सक्सेना व सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक डॉ. अभिनव सेंगर रहे। इस दौरान आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ एसके मिश्रा, डॉ. नंदिनी रस्तोगी, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ.पंकज गुलाटी, डॉ. नीलम मिश्रा, डॉ. ब्रजेन्द्र शुक्ला सचिव डॉ. शालिनी मोहन, वित्त सचिव विशाल सिंह, डॉ.अमित सिंह गौर, डॉ. दीपक श्रीवास्तव व डॉ. विपिन शुक्ला समेत आदि रहे।

# बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा में लगे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बाबा श्याम की निशान यात्रा। अमृत विचार

- शहर से मंडल की 11 सौ पताकाएं दर्शन के लिए जाएंगी

**अमृत विचार।** श्री श्याम जी मित्र मण्डल कानपुर की ओर से निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में लगे जयकारों से उत्साह आ गया। बताया गया कि शहर से 11 सौ निशान बाबा श्याम खाटू मंदिर में अर्पित करने के लिए इस बार जा रहीं हैं।

श्याम प्रभु खाटू वाले की निशान ध्वजा यात्रा तपेश्वरी देवी मन्दिर से सुबह शुरू हुई। यात्रा में श्री श्याम भक्तों ने बाबा के निशान उठाये व आरती कर महाप्रसाद का आनन्द प्राप्त किया। यह यात्रा तपेश्वरी देवी मन्दिर से शुरू होकर नवरंग सिनेमा, बिरहाना रोड, नयागंज (पूरन चौराहा), काहूकोठी, सिरकी मोहाल, कमला टावर, फीलखाना, नीलवाली गली से होते हुए फीलखाना स्थित मण्डल के मुख्य कार्यालय व बाबा श्याम के प्राचीन मन्दिर तक पहुंची। 11 फरवरी को सुबह 9 बजे रिगंस से निशान यात्रा खाटू श्याम मन्दिर के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान मण्डल के संस्थापक व वर्तमान अध्यक्ष संजय खेमका, महामंत्री गोपाल गुड़ियावाला, कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, निशान यात्रा संयोजक अनुपम अग्रवाल, रमेश जगनानी, पवन गुप्ता, दीपक धानुका, वत्सल जालान एवं प्रचार मंत्री आशीष गोयल व अंकित मित्तल सहित अन्य मौजूद रहे।



बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बाल कलाकार।

## साहित्य, संस्कृति व कला को बढ़ावा

**कानपुर।** बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन में कानपुर मेट्रो ने रायमा डांस एकेडमी संस्था के सहयोग से नृत्य और संगीत संध्या का आयोजन किया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और संगीत का गायन किया। फिल्मी गीतों पर बच्चों के ऊर्जा से भरपूर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। युवा कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज से माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कानपुर मेट्रो ने नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए शो योर टैलेंट नाम से एक पहल शुरू की है।



बटुकों ने हवन किया। अमृत विचार

## 58 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

**कानपुर।** श्री शनि साई मंदिर गांधी नगर गणेश पार्क में आयोजित 26वें वार्षिकोत्सव के छठे दिन रविवार को 58 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार विधि-विधान से संपन्न हुआ। यज्ञ वेदी के चारों तरफ बैठे बटुकों ने यज्ञोपवीत के नियम पालन करने का वचन लिया। आचार्य कृपा शंकर शुक्ला ने बताया कि वैदिक धर्म मंर यज्ञोपवीत एकादश संस्कार है। इसमें बटुक को गायत्री मंत्र की दीक्षा देकर यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है। बटुकों के कानों में आचार्यों ने गुरु मंत्र दिया। शाम को श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास दीपक कृष्ण महाराज ने महारास लीला, कंस वध व रुक्मणी विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि आस्था और विश्वास के साथ भागवत प्राप्ति आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र नाथ शुक्ला, राजेंद्र नाथ शुक्ला, श्रीश शुक्ला,आचार्य गंगा शरण दीक्षित, आचार्य विनोद अग्निहोत्री,अमित तिवारी, अंकित मिश्रा, अंशु शुक्ला,राहुल दुबे उपस्थित रहे।

नेक पहल | इस्लाम को सिर्फ नमाज तक सीमित नहीं रखना चाहिए

# दहेज की कुरीति को खत्म करें मुसलमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बासमंडी में जलसे का आयोजन हुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस्लाम धर्म जीवन के सभी क्षेत्रों में मार्गदर्शन करता है इसलिए मुसलमानों को हर क्षेत्र में हलाल और हराम का ध्यान रखना चाहिए। इस्लामी शरीयत के बदनामी का सबब न बने बल्कि सामाजिक रीति-रिवाजों से बचकर सुन्नत व शरीयत के अनुसार शादी करें।

बासमंडी में आयोजित जलसे में ये बात मुफ्ती-ए-शहर कानपुर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हनीफ बरकाती ने कही। मुफ्ती-ए-आजम एवं शहर काजी कानपुर अल्लामा मुफ्ती कारी मोहम्मद अबदुस्समी की याद में 19 वां सालाना जलसा हुआ। सरपरस्ती मोहम्मद अहमद एवं अध्यक्षता शहरकाजी मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने की। मौलाना असगर अली यार अल्वी ने कहा कि जो कौम अपना इतिहास और अपने रहनुमाओं की याद भूल जाती है जमाना उसे भुला देता है। जामा मस्जिद शफियाबाद के पेशइमाम कारी मोहम्मद कासिम हबीबी इलाहाबादी ने कहा कि अगर हमारे बच्चे शिक्षा में पीछे रह गए तो वह मुख्यधारा से कट जाएंगे। कलीम दानिश बरकाती, शादाब रजा रजधानवी शब्बीर अशरफी हाजी मुनव्वरुल गनी नायब शहरकाजी कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी, मौलाना मुफ्ती रफी अहमद निजामी, हाफिज अब्दुर्रहीम बहराईची, मौलाना गुलाम मुस्तफा रजवी, मौलाना शहाबुद्दीन रजवी, मौलाना जियाउर्रहमान कादरी आदि मौजूद रहे।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा बेटा मोहम्मद दाउद मेरे कहने सुनने में नहीं है। उसका चाल चलन गलत लोगों के साथ रहकर बिगड़ गया है।मोहम्मद दाऊद अपनी मां और बहनों से मारपीट, गाली–गलौज कर प्रताड़ित कर रुपयों की मांग करता है।उसकी इन हरकतों से परेशान होकर अपनी सारी संसारिक पारिवारिक सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र मोहम्मद दाउद के लेन देने और उसके किसी भी कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मोहम्मद दाउद से सम्बन्ध रखने और रूपयों की लेन–देन करने वाले इसके स्वयं जिम्मेदार होगे। **–शेख नईम पुत्र शेख खलील निवासी ग्राम दलसराय मजरे कूढासादात कोतवाली,परगना व तहसील रुदौली जनपद अयोध्या।**

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद आसिफ सिद्दिकी (MOHAMMAD ASHSIF SIDDIQUI) से बदलकर मो0 आसिफ (MO ASIF) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0आसिफ पुत्र श्री जैनउद्दीन पता–चक फतेह मोहम्मद, पो0–मोहम्मदपुर गौती जनपद–फतेहपुर उ0प्र0

**सूचना**

मैने अपना नाम नाजमा खातून (NAJAMA KHATOON) से बदलकर नाजिमा खातून (NAJIMA KHATOON) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। नाजिमा खातून अब्दुल खालिक पता–पूरेमियां, पो0–रुदौली जनपद–अयोध्या उ0प्र0

**सूचना**

मैने अपना नाम मुजीबुर्रहमान (MUJIRBU RAHMAN) से बदलकर मो0 मुजीबुर्रहमान MOHD MUJIRBU RAHMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0– मुजीबुर्रहमान पुत्र श्री अजीर्जुरहमान पता–16/25 मिश्राना अमरोधा कानपुर देहात उ0प्र0

**सूचना**

मैने अपना नाम KAPIL KUMAR से बदलकर KAPIL KUMAR PAL रख लिया है आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GAYA PRASAD R/0-549/279 BADA BARHA, ALAMBAGH, DIST-LUCKNOW-226005 (U.P.)

**सूचना**

पहले मेरा नाम GOLU था अब मैने बदलकर अपना नाम GOLU KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- SHIV PAL R/O- GRAM INAYATPUR BARRA INAYATPUR UNNAO -241503

**सूचना**

मेरा नाम **खलील उल्लाह पुत्र हबीब उल्लाह खां निवासी धरमपुर, लीला पारा पोस्ट–अमवा मौलवी, थाना – मटेरा जिला बहराइच** है, अब मैने अपना नाम बदलकर खलील उल्लाह खां पुत्र– हबीब उल्लाह खां रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए ।

**सूचना**

मेरा नाम प्रेम कुमार है। यही नाम वोटर कार्ड में भी दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश प्रमोद दर्ज हो गया है। मेरा असली नाम प्रेम कुमार ही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रेम कुमार पुत्र रामनाथ, निवासी नरपतिपुरवा, मजरा तासखेड़ा, ब्लाक सुरसा, थाना शहर कोतवाली, तहसील व जिला हरदोई।**

**सूचना**

मेरा नाम पटेशर सोनकर पुत्र गोबरे सोनकर निवासी बढ़ई गांव पोस्ट चमार पुरवा थाना मल्हीपुर जिला श्रावस्ती है, अब मैने अपना नाम परेशर सोनकर पुत्र गोबरे सोनकर रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए ।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHAHVAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD SHAHVAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD SHAHVAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- KAMASUT ALI R/O-NAWABPUR POST-KHALGAON MAHMUDABAD, SITAPUR

